प्रसारित - आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, एटा, मैनपुरी, बुलंदशहर, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर | गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

साप्ताहिक
# मॉर्निंग सिटी
सच के साथ...

वर्ष - 11, अंक - 17, 05 जुलाई से 11 जुलाई , 2026 | मूल्य- 10 रुपये । पृष्ठ 8 | WWW :morningcity.in

यूपी का सर्वश्रेष्ठ न्यूज प्लेटफॉर्म
मॉर्निंग सिटी





## पशिचम से पूरब तक झमाझम बारिश...

**मानसून ने पकड़ी रफ्तार**

**मुंबई में आफत की बारिश**

*नई दिल्ली। देशभर में मानसून रफ्तार पकड़ चुका है। उत्तर दक्षिण के बाद अब पूर्वी और पश्चिम भारत के कई राज्यों को यह कवर कर चुका है। यूपी, एमपी, महाराष्ट्र, सहित कई राज्यों में जमकर बारिश हो रही है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई भी इसकी जद में है। शनिवार को यहां जमकर बारिश होने से सड़कों में पानी भर गया। हैवी रैन के चलते नवी मुंबई में कई आफिसों में पानी घुस गया। एसवी रोड में बच्चे पानी में खेलते दिखे।*





# यूएन ने सराहे कांगो में भारतीय शांति सैनिकों के प्रयास, किए गए सम्मानित

नई दिल्ली

लंबे वक्त से जारी सशस्त्र हिंसा और जटिल मानवीय चुनौतियों से जूझ रहे अफ्रीका महाद्वीप के देश पूर्वी डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) में शांति स्थापना के लिए जारी भारतीय शांति सैनिकों (ब्लू हेलमेट) के प्रयासों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पुरजोर अंदाज में सराहा गया है। सेना के कुल 651 शांति सैनिकों को संयुक्त राष्ट्र (यूएन) पदक से सम्मानित किया गया है। बीते 3 जुलाई को कांगो के स्थायी ऑपरेटिंग बेस 'साके' में एक भव्य परेड समारोह हुआ था। जिसमें सभी सैनिकों को सम्मानित किया गया। आयोजन में मोनुस्को के वरिष्ठ अधिकारी, फोर्स मुख्यालय के प्रतिनिधि, सैन्य नेतृत्व और अन्य विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। सेना ने शनिवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। यहां बता दें कि संयुक्त राष्ट्र की तरफ से यह पदक उन सैन्य योद्धाओं को प्रदान किया जाता है। जिन्होंने यूएन के शांति मिशन में सराहनीय योगदान दिया हुआ होता है। पूर्व में 2023 में भारत को यूएन का सर्वोच्च सम्मान कहे जाने वाले ' डॉग हैमरशॉल्ड' पदक से भी सम्मानित किया गया था। जो कि शिशुपाल सिंह, सांवला राम बिश्नोई जैसे दो भारतीय शांति सैनिकों और शबर ताहिर अली (नागरिक यूएन कार्यकर्ता) को कांगो में उनके बलिदान के लिए मरणोपरांत प्रदान किया गया था।

### यूएन के पदक का महत्व

भारतीय सेना को मिला यूएन का पदक सैन्य बल की उस गौरवशाली विरासत का सबूत है। जिसकी वजह से वह यूएन शांति अभियानों में दुनिया की सबसे भरोसेमंद और प्रमाणिक योगदानकर्ताओं में शुमार की जाती है। वर्ष 1947 में भारत की आजादी के बाद से यह सिलसिला आज तक बदस्तूर जारी है। वहीं, दूसरी ओर देखें तो यह सम्मान अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को लेकर भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित करता है। इसके अलावा संघर्ष से जूझते इलाकों में रहने वाले कमजोर और पीड़ित समुदायों की रक्षा के उसके संकल्प से भी जुड़ा हुआ है।



### 50 से ज्यादा मिशन में भारत की भागीदारी

गौरतलब है कि वर्ष 1945 में संयुक्त राष्ट्र की स्थापना अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बनाए रखने के वैश्विक लक्ष्य के साथ की गई थी। जिसमें भारत एक प्रमुख योगदानकर्ता की भूमिका में शामिल रहा है। 50 से अधिक संयुक्त राष्ट्र मिशनों में 2 लाख 90 हजार से ज्यादा शांति सैनिक तैनात हैं। वर्तमान समय में 5 हजार से ज्यादा भारतीय शांति सैनिक 9 सक्रिय मिशन का हिस्सा हैं। जो कि वैश्विक शांति को बरकरार रखने के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी काम कर रहे हैं।

## 500 शहर बनेंगे नए आर्थिक केंद्र गतिविधियां बढ़ेंगी

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को मध्य वर्ग को केवल वृद्धि का लाभार्थी नहीं, भारत का वृद्धि इंजन बताया। उन्होंने कहा कि देश के लगभग 500 शहर आर्थिक गतिविधि के अगले केंद्र के रूप में उभरने के लिए तैयार हैं। सीतारमण फ्रांस के एक प्रमुख आर्थिक मंच 'रेनकॉन्ट्रेस इकनॉमिक्स डी'एक्स-एन-प्रोवेंस' में एक पैनल चर्चा में भाग ले रही थीं। उन्होंने बताया कि आज भारत की 31 फीसदी आबादी मध्य वर्ग में आती है। भारत की अर्थव्यवस्था खुलने के बाद से मध्य वर्ग सालाना 6.3 फीसदी की दर से बढ़ रहा है।



## नौका पलटने से तीन लोगों की मौत

**लेक जिनेवा (अमेरिका)।** अमेरिका के दक्षिणी विस्कॉन्सिन में तेज तूफान के दौरान जिनेवा झील में एक नौका पलटने से शुक्रवार को तीन लोगों की मौत हो गई जबकि सात अन्य लोगों को बचा लिया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। 'वालवर्थ काउंटी' शेरिफ विभाग के उप शेरिफ टॉम हॉसनर ने बताया कि काउंटी में तूफान के कारण पेड़ गिरने, बिजली के तार टूटने, इमारतों को नुकसान पहुंचने और कई लोगों के घायल होने की खबर है।



एआई इमेज

### पेट्रोल में ई-20 एथेनॉल मिश्रण पर केंद्र सरकार की बड़ी सफाई

# भ्रम में फंसने की जरूरत नहीं सोशल मीडिया के दावे गलत

• सरकार ने गन्ने के रस को सीधे पेट्रोल में मिलाने वाले वीडियो को फर्जी बताया। ईंधन ग्रेड का एथेनॉल में चीनी का अंश नहीं होता है, इसलिए गाड़ियों में चींटियां लगने की बात वैज्ञानिक रूप से गलत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पेट्रोल में 20 फीसदी तक एथेनॉल मिलाने (ई-20 ईंधन) को लेकर सोशल मीडिया पर चल रही तमाम अफवाहों पर केंद्र सरकार ने पूरी तरह विराम लगा दिया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक विस्तृत स्पष्टीकरण जारी करते हुए इन सभी भ्रामक दावों को सिरे से खारिज कर दिया है। सरकार ने साफ किया है कि ई-20 ईंधन पूरी तरह सुरक्षित है और इससे वाहनों के इंजन, माइलेज, बीमा या वारंटी पर कोई भी विपरीत असर नहीं पड़ता है।

सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा था कि एक लीटर एथेनॉल बनाने में 10,000 लीटर पानी बर्बाद होता है, जिसे सरकार ने पूरी तरह गलत बताया है। वास्तव में प्रति लीटर एथेनॉल उत्पादन में मात्र 3 से 5 लीटर प्रोसेस्ड पानी लगता है, और आधुनिक प्लांट इस पानी को रीसाइकिल भी करते हैं। इसके अलावा ई-20 कोई नया प्रयोग नहीं है। अमेरिका, ब्राजील, कनाडा और जापान जैसे कई विकसित देशों में इसका इस्तेमाल सालों से सफलता के साथ किया जा रहा है। ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एआरएआई) की जांच में भी सामने आया है कि इससे गाड़ी की परफॉर्मेंस और माइलेज पर कोई खास फर्क नहीं पड़ता है।

**इससे वाहनों के इंजन माइलेज बीमा या वारंटी पर कोई भी विपरीत असर नहीं**



कॉन्फ्रेंस में ऑटोमोबाइल सेक्टर के दिग्गजों ने रखी अपनी राय

- साल 2013 और 2014 के दौरान पेट्रोल में सिर्फ 1.5% एथेनॉल मिलाया जा रहा था
- प्रति लीटर एथेनॉल उत्पादन में मात्र 3 से 5 लीटर प्रोसेस्ड पानी लगता है
- अमेरिका, ब्राजील, कनाडा और जापान जैसे कई विकसित देशों में इसका इस्तेमाल

### यह जांची-परखी साइंटिफिक प्रोसेस

सरकार ने कहा कि एथेनॉल ब्लेंडिंग का काम रातों-रात नहीं हुआ। यह एक जांची-परखी, साइंटिफिक और स्टेप-बाय-स्टेप प्रोसेस है। इसे पेट्रोल में मिलाने की ग्लोबल प्रैक्टिस अपनाई है और टॉप एजेंसियां भी इसका टेस्ट कर चुकीं हैं।

एथेनॉल ब्लेंडिंग पर दिल्ली में हुई इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स की प्रेस कॉन्फ्रेंस में सरकार की ओर से शामिल एक्सपर्ट वर्तिका शुक्ला ने यह बात कही। वर्तिका शुक्ला ने बताया कि देश में साल 2013 और 2014 के दौरान पेट्रोल में सिर्फ 1.5% एथेनॉल मिलाया जा रहा था।

**मारुती सुजुकी के राहुल भारती ने कहा**

### ई-20 के हिसाब से बन रहीं गाड़ियां


राहुल भारती

मारुती सुजुकी के एक्जिक्यूटिव ऑफिसर राहुल भारती ने बताया कि ई-20 को लेकर सोशल मीडिया पर मिथ ज्यादा हैं और सच्चाई कम हैं। उन्होंने कहा कि हम अपनी गाड़ियों को ई-20 पेट्रोल के हिसाब से ही बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि 20 प्रतिशत एथेनॉल मिक्स वाले पेट्रोल से गाड़ी के इंजन पर कोई बुरा असर नहीं पड़ता है। माइलेज के सवाल को लेकर उन्होंने कहा कि ई 20 पेट्रोल से गाड़ी की माइलेज में 3 प्रतिशत की मामूली गिरावट देखने को मिली है। हालांकि, उन्होंने ये भी कहा कि इसके कई फायदे भी हैं।

### पर्यावरण के लिए यह अच्छाः गुलाटी

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के कंट्री हेड और एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट विक्रम गुलाटी ने कहा कि ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में समय समय पर कई सारे रेगुलेशन करने पड़ते हैं। ई-20 पर्यावरण के लिए अच्छा फ्यूल है, क्लीन फ्यूल है और जब पर्यावरण को लेकर तमाम तरह की चुनौतियां हैं, ऐसे में ये आने वाली पीढ़ियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे कार्बन उत्सर्जन भी कम होता है।


विक्रम गुलाटी

## 'ऐसी शादी, जो होने वाली नहीं है..' सिया के स्नैपचैट मैसेज से सुराग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

**केतन मर्डर केस में नया ट्विस्ट**



केतन अग्रवाल हत्याकांड की जांच कर रही पुलिस के हाथ एक बेहद चौंकाने वाला सुराग लगा है, जिसने इस पूरी मर्डर मिस्ट्री में एक नया ट्विस्ट ला दिया है। पुलिस की जांच टीम अब आरोपी सिया गोयल के एक कथित स्नैपचैट चैट को खंगाल रही है, जिससे यह संकेत मिलता है कि हत्या की इस पूरी वारदात को एक गहरी साजिश के तहत अंजाम दिया गया था।

यह कथित बातचीत 25 मई की है। इस चैट में आरोपी सिया गोयल कथित तौर पर अपनी दोस्त से फ्लाइट टिकट बुक करने के बहाने उसका आधार कार्ड मांगती है। सिया ने हिंदी में लिखा, 'आधार कार्ड फ्रंट और बैक भेज दे फॉर वेडिंग टिकिट्स, जो होने नहीं वाली पर फिर भी भेज दे।' जांच अधिकारी अब इस बात की गहराई से तफ्तीश कर रहे हैं कि क्या यह पूरी बातचीत और हवाई टिकटों की बुकिंग केवल एक दिखावा थी। ऐसा संदेह है कि इस कथित चैट और टिकट अरेंजमेंट्स के जरिए सिया यह दिखाना चाहती थी कि केतन अग्रवाल के साथ उसकी शादी की तैयारियां बिल्कुल सामान्य रूप से चल रही हैं, ताकि केतन की हत्या के बाद किसी को उस पर शक न हो. यह पूरी कवायद मर्डर प्लॉट को छिपाने और जांच भटकाने की एक बड़ी कोशिश हो सकती है। जांच से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि किसी भी डिजिटल चैट की कानूनी वैधता उसकी तकनीकी और फोरेंसिक जांच पूरी होने के बाद ही तय होगी।

### केतन के परिवार का आरोप

केतन के पिता, विशाल देवीचंद अग्रवाल की तरफ से दर्ज एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि चेतन और सिया, दोनों ने मिलकर उनके बेटे को एक चट्टान से नीचे धकेल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। केतन 18 जून की सुबह घर से निकला, पुणे-मुंबई हाईवे पर किवाले ब्रिज से सिया को साथ लिया और फिर लोहागढ़ फोर्ट की ओर गया। उसी दिन दोपहर से पहले सिया गोयल ने अपने चेतन की मां को फोन करके बताया कि वह गलती से लोहागढ़ किले की एक खाई में गिर गया है। स्थानीय लोगों और पुलिस ने उसे खाई में पाया और अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एफआईआर के अनुसार, 21 जून को केतन अग्रवाल के पिता और रिश्तेदार उस जगह पर गए जहां वह गिरा था और उन्हें लगा कि उस जगह पर गलती से फिसलने की संभावना बहुत कम थी। परिवार ने आरोप लगाया कि सिया गोयल का फ़ोन लगातार व्यस्त रहता था और वह अक्सर अपने प्रेमी चेतन का जिक्र करती थी, जिससे उन्हें शक हुआ कि दोनों के बीच रोमांटिक रिश्ता था।

# 'युद्ध के बीच भी देश में नहीं आने दिया ऊर्जा संकट'- पीएम मोदी

बालोतरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने राजस्थान दौरे के दौरान जोधपुर में नए एयरपोर्ट टर्मिनल और करीब 79,459 करोड़ रुपये की लागत से विकसित पचपदरा रिफाइनरी का लोकार्पण किया। इसके साथ ही रिफाइनरी से जुड़े पेट्रोकेमिकल जोन के विकास की दिशा में यह बड़ा कदम माना जा रहा है। इस रिफाइनरी से निकलने वाले उप-उत्पादों (बाय-प्रोडक्ट्स) पर आधारित प्लास्टिक उद्योग स्थापित किए जाएंगे।

बता दें कि नया एयरपोर्ट टर्मिनल 'उड़ान' परियोजना के तहत लगभग 480 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। इससे मारवाड़ की समृद्ध विरासत और आधुनिक



बुनियादी ढांचे के इस अनूठे संगम में देश-विदेश से आने वाले यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलेंगी। करीब 79,459 करोड़ रुपये की लागत से विकसित पचपदरा रिफाइनरी देश की सबसे बड़ी औद्योगिक परियोजनाओं में शामिल है। इसके निर्माण के लिए 1.5 करोड़ घन मीटर मिट्टी की खुदाई की गई, जो लगभग 15 हजार ओलंपिक आकार के स्विमिंग पूलों को भरने के बराबर है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, यह खुदाई मिस्त्र के गीजा पिरामिड के निर्माण में हुई खुदाई से लगभग छह गुना अधिक है। चलिए यहां बता रहे हैं आज के कार्यक्रम से जुड़ी पीएम मोदी के भाषण की पांच बड़ी बातें। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि राजस्थान की धरती के कण-कण ने हमें स्वाभिमान की सीख दी है। यह रिफाइनरी यहां हजारों लोगों के लिए रोजगार का माध्यम बनेगी। आज का दिन इस बात का साक्षी है कि भाजपा की सरकारें केवल परियोजनाओं का शिलान्यास करके उन्हें अधूरा नहीं छोड़तीं, बल्कि उन्हें समय पर पूरा करने के लिए दिन-रात मेहनत करती हैं।

दो माह पहले यहां हुई दुर्घटना के बावजूद इतनी जल्दी परियोजना का कार्य पूरा होना बड़ी उपलब्धि है। नया भारत अपने संकल्पों से न पीछे हटता है और न ही अपनी विकास यात्रा की रफ्तार कम करता है। आज राजस्थान विकास के कई नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जोधपुर का नया एयरपोर्ट टर्मिनल सोशल मीडिया पर भी चर्चा का विषय बना हुआ है। यह टर्मिनल मारवाड़ के विकास को नई गति देगा। उन्होंने बताया कि आज जोधपुर से ही नई उड़ान योजना की शुरूआत की गई है, जिसके तहत दूर-दराज के छोटे-छोटे क्षेत्रों को भी हवाई सेवाओं से जोड़ा जाएगा। साथ ही शेखावाटी क्षेत्र के जल संकट के समाधान के लिए भी व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आज राजस्थान के 54 हजार युवाओं को सरकारी नियुक्ति पत्र भी वितरित किए गए हैं। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस युद्ध ने 21वीं सदी के सबसे बड़े ऊर्जा संकट को जन्म दिया। लेकिन 21वीं सदी के नए भारत का संकल्प इस संकट पर भारी पड़ा। हमने हर स्तर पर सही और समयबद्ध फैसले लिए, संकट का सटीक आकलन किया और प्रभावी रणनीति तैयार की। उन्होंने कहा कि इन संवेदनशील निर्णयों का महत्व आने वाला इतिहास अवश्य दर्ज करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अपनी जरूरत की लगभग 60 प्रतिशत एलपीजी का आयात करता है, जिसका बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से आता है। युद्ध और तनाव के कारण आपूर्ति प्रभावित होने का खतरा पैदा हो गया था। ऐसे समय में राजस्थान की धरती से मिली संघर्ष की प्रेरणा के साथ सरकार ने देश में ही एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का निर्णय लिया। उन्होंने बताया कि सिर्फ सात दिनों में 54 हजार मीट्रिक टन अतिरिक्त एलपीजी का उत्पादन बढ़ाया गया। साथ ही एलपीजी पर अतिरिक्त दबाव कम करने के लिए बड़ी संख्या में पीएनजी कनेक्शन दिए गए। लगभग 11 लाख नए पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराए गए, ताकि घरेलू उपभोक्ताओं पर बोझ न पड़े। प्रधानमंत्री ने कहा कि यदि समय पर यह कदम नहीं उठाए जाते तो घरेलू रसोई गैस सिलिंडर की कीमत संकट के दौरान 2,000 रुपये तक पहुंच सकती थी, लेकिन सरकार ने प्रभावी प्रबंधन के जरिए इसकी कीमत करीब 950 रुपये के आसपास बनाए रखी।

### 'हमने किसानों को 300 रुपये में दी यूरिया'

पीएम मोदी ने कहा कि यूक्रेन युद्ध के कारण खाद का गंभीर संकट पैदा हो गया था। एक बोरी यूरिया की कीमत 3,000 रुपये से भी ऊपर पहुंच गई थी। इसके बावजूद हमने देश के किसानों को यूरिया मात्र 300 रुपये में उपलब्ध कराया। इसके लिए सरकार ने खजाने से लाखों करोड़ रुपये की सब्सिडी दी। आयात के रास्ते भी बंद थे। दुनिया के कई देशों में डीजल- पेट्रोल की कीमतों में 40 से 50 प्रतिशत तक का इजाफा हो गया। कई देशों में तो डीजल-पेट्रोल कोटे में मिलने लग गया। लेकिन भारत में एक दिन भी ऐसे हालात नहीं हुए। अफहाएं बहुत फैलाई गई।

## सम्पादकीय

# क्या सरकार से असहमति अपराध है ?

अमेरिका स्थित स्वतंत्र प्रबुद्ध संस्था द फ्यूचर ऑफ फ्री स्पीच के एक नए वैश्विक सर्वेक्षण के मुताबिक, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मामले में दुनिया के प्रमुख 33 देशों में भारत 24वें स्थान पर है। देश का संविधान हर नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार देता है। इसके तहत कोई भी व्यक्ति शांतिपूर्ण तरीके से मौखिक, लिखित, कलात्मक और डिजिटल माध्यमों से अपने विचार व्यक्त कर सकता है। यह लोकतांत्रिक व्यवस्था की नींव है और किसी भी देश के चहुंमुखी विकास के लिए यह अत्यंत आवश्यक है। मगर सवाल है कि क्या सरकार की नीतियों या फैसलों का विरोध करना अपराध की श्रेणी में आता है? इस पर अदालतों की ओर से समय-समय पर स्थिति स्पष्ट की जाती रही है और इसी क्रम में अब बॉम्बे हाई कोर्ट ने अपने एक महत्त्वपूर्ण फैसले में कहा है कि देश के नागरिकों को सरकार का गुलाम नहीं बनाया जा सकता। किसी व्यक्ति को सिर्फ इसलिए जिलाबदर करने का आदेश नहीं दिया जा सकता कि वह सरकार के खिलाफ आंदोलनों और विरोध प्रदर्शनों में शामिल है। ऐसा करना निश्चित रूप से उसके मौलिक अधिकारों, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सम्मान के साथ जीवन जीने के अधिकार को प्रभावित करता है। सहमति और असहमति दो ऐसे पहलू हैं, जिनकी लोकतंत्र को मजबूती देने में अहम भूमिका है। संवैधानिक अधिकारों के लिहाज से देखा जाए, तो अगर कोई व्यक्ति शासन-प्रशासन की नीतियों, व्यवस्था या किसी विचारधारा का विरोध करता है, तो उसे स्वस्थ आलोचना के तौर पर देखा जाना चाहिए। मगर देश में ऐसे मामले अक्सर सामने आते रहते हैं, जब इस तरह की आलोचना को साजिश या बगावत बता दिया जाता है। ऐसे में यह सवाल महत्त्वपूर्ण है कि अगर हर आलोचना या असहमति को अपराध की श्रेणी में रखा जाएगा, तो लोकतंत्र का मूल तत्त्व कैसे जीवित रह पाएगा? बॉम्बे हाई कोर्ट ने भी अपने फैसले में यह सवाल उठाया है कि आम नागरिक सरकार की किसी कार्रवाई या फैसले के खिलाफ शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन क्यों नहीं कर सकते? क्या यह नागरिकों को सरकार का गुलाम बनाने जैसा नहीं है? इसमें दोराय नहीं कि अगर अन्याय के खिलाफ और सुधार की मांग के पक्ष में उठने वाली हर आवाज को दबाने की कोशिश की जाए, तो यह लोकतांत्रिक मूल्यों पर आघात नहीं, तो और क्या होगा। अमेरिका स्थित स्वतंत्र प्रबुद्ध संस्था द फ्यूचर ऑफ फ्री स्पीच के एक नए वैश्विक सर्वेक्षण के मुताबिक, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मामले में दुनिया के प्रमुख 33 देशों में भारत 24वें स्थान पर है। रिपोर्ट के मुताबिक, हालांकि अभिव्यक्ति की आजादी के लिए सैद्धांतिक समर्थन मजबूत बना हुआ है, लेकिन इस अधिकार की रक्षा करने की प्रतिबद्धता दुनिया के कई हिस्सों में कमजोर हो रही है, जिनमें भारत भी शामिल है। यह छिपा नहीं है कि हाल के वर्षों में देश के भीतर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों को भी साजिश बताया जाने लगा है। फिर चाहे विद्यार्थियों का परीक्षाओं की शुचिता को लेकर आवाज उठाना हो या फिर अपनी मांगों को लेकर कर्मचारियों का सड़क पर उतरना। विपक्षी दलों की ओर से भी यह आरोप लगाया जाता रहा है कि सरकार की नीतियों का विरोध करने पर उनके खिलाफ प्रतिशोध की भावना से कार्रवाई की जाती है। अगर कोई व्यक्ति सरकार के निर्णय का विरोध करता है, तो उसके खिलाफ मामला दर्ज करना कितना उचित है, इस पर विचार किया जाना चाहिए। यह याद रखना अत्यंत आवश्यक है कि अगर लोकतंत्र को सही मायने में जिंदा रखना है, तो नागरिकों के तमाम अधिकारों की रक्षा करना सरकार का प्राथमिक कर्तव्य होना चाहिए।



सुशील कुमार सिंह प्रधान संपादक

# विकास की धंसती सड़कें और भ्रष्टाचार की गहरी नींवें

ललित गर्ग

**दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर की सड़क धंसने के मामले में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने संबंधित प्रोजेक्ट मैनेजर और टीम लीडर को निलंबित किया तथा निर्माण कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या केवल निलंबन से समस्या का समाधान हो जाएगा? अनुभव बताता है कि अधिकांश मामलों में निलंबित अधिकारी कुछ समय बाद बहाल हो जाते हैं या उनका स्थानांतरण कर दिया जाता है। जिन कंपनियों को काली सूची में डाला जाता है, वे कुछ समय बाद नए नाम से फिर सरकारी ठेके प्राप्त करने लगती हैं। परिणामस्वरूप भ्रष्टाचार का चक्र लगातार चलता रहता है। वास्तविक समस्या जवाबदेही के अभाव की है। निर्माण की प्रत्येक प्रक्रिया-डिजाइन, सामग्री, तकनीकी परीक्षण और गुणवत्ता नियंत्रण के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय नहीं होती। जब दोषियों को कठोर दंड नहीं मिलता, तब भ्रष्टाचार को अप्रत्यक्ष संरक्षण मिल जाता है। यही कारण है कि हर वर्ष बरसात के साथ सड़कें उखड़ती हैं, पुलों में दरारें पड़ती हैं और करोड़ों रुपये की परियोजनाएं समय से पहले दम तोड़ देती हैं।**

जिस दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर को आधुनिक भारत के तेज, सुरक्षित और विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया गया, उसकी सड़क उद्घाटन के महज ढाई महीने बाद पहली ही बरसात में धंस गई। सड़क इस तरह धंसी कि कई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गए। सौभाग्य से कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन इस घटना ने एक बार फिर विकास की चमकदार तस्वीर के पीछे छिपी कड़वी सच्चाई को उजागर कर दिया। प्रश्न यह है कि करोड़ों रुपये की लागत से बनी सड़क पहली ही वर्षा का सामना क्यों नहीं कर सकी? क्या निर्माण में गुणवत्ता से समझौता किया गया? क्या जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं थी? या फिर यह भ्रष्टाचार, लापरवाही और जवाबदेही के अभाव का परिणाम है? यह कोई अकेली घटना नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में देश के विभिन्न राज्यों में नई सड़कों, पुलों, फ्लाईओवरों और सार्वजनिक भवनों के ध्वस्त होने की घटनाएं लगातार सामने आती रही हैं। बिहार में एक पखवाड़े के भीतर लगभग एक दर्जन छोटे-बड़े पुलों का गिर जाना पूरे देश को झकझोर गया था। एक ही दिन पांच पुल-पुलियों का धराशायी होना केवल तकनीकी विफलता नहीं, बल्कि शासन-प्रशासन में व्याप्त भ्रष्टाचार का जीवंत प्रमाण था। गुजरात के मोरबी पुल हादसे में 135 लोगों की जान चली गई। कोलकाता के विवेकानंद फ्लाईओवर के गिरने से अनेक परिवार उजड़ गए। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 की छत गिरने की घटना और मुंबई के घाटकोपर में विशाल होर्डिंग गिरने से हुई मौतों ने भी यह स्पष्ट कर दिया कि सार्वजनिक निर्माण की गुणवत्ता गंभीर संकट से गुजर रही है।

इन घटनाओं को केवल प्राकृतिक आपदा या भारी वर्षा का परिणाम बताकर जिम्मेदारी से बचा नहीं जा सकता। यदि पहली ही बारिश में सड़क धंस जाए, पुल बह जाएं या भवनों की छतें गिर जाएं, तो यह प्रकृति की नहीं, बल्कि मानव निर्मित विफलता की एवं गहरे में पैठे भ्रष्टाचार की कहानी है। आधुनिक इंजीनियरिंग और तकनीक के इस युग में ऐसी घटनाएं अस्वीकार्य हैं। यह विकास नहीं, बल्कि विकास के नाम पर जनता के साथ किया गया विश्वासघात है। सड़कें और पुल किसी भी राष्ट्र की आर्थिक प्रगति की धमनियां होते हैं। इनके माध्यम से व्यापार चलता है, गांव शहरों से जुड़ते हैं,





किसान अपनी उपज बाजार तक पहुंचाते हैं और आम नागरिक सुरक्षित आवागमन करते हैं। जब यही आधारभूत संरचनाएं असमय ध्वस्त होने लगें, तो केवल कंक्रीट और लोहे का ढांचा नहीं टूटता, बल्कि जनता का शासन और



प्रशासन पर विश्वास भी टूटता है। दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर की सड़क धंसने के मामले में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने संबंधित प्रोजेक्ट मैनेजर और टीम लीडर को निलंबित किया तथा निर्माण कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या केवल निलंबन से समस्या का समाधान हो जाएगा? अनुभव बताता है कि अधिकांश मामलों में निलंबित अधिकारी कुछ समय बाद बहाल हो जाते हैं या उनका स्थानांतरण कर दिया जाता है। जिन कंपनियों को काली सूची में डाला जाता है, वे कुछ समय बाद नए नाम से फिर सरकारी ठेके प्राप्त करने लगती हैं। परिणामस्वरूप भ्रष्टाचार का चक्र लगातार चलता रहता है। वास्तविक समस्या जवाबदेही के अभाव की है। निर्माण की प्रत्येक प्रक्रिया-डिजाइन, सामग्री, तकनीकी परीक्षण और गुणवत्ता नियंत्रण के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय नहीं होती। जब दोषियों को कठोर दंड नहीं मिलता, तब भ्रष्टाचार को अप्रत्यक्ष संरक्षण मिल जाता है। यही कारण है कि हर वर्ष बरसात के साथ सड़कें उखड़ती हैं, पुलों में दरारें पड़ती हैं और करोड़ों रुपये की परियोजनाएं समय से पहले दम तोड़ देती हैं। देश में सार्वजनिक निर्माण परियोजनाओं का बड़ा हिस्सा कमीशनखोरी और रिश्वतखोरी की भेंट चढ़ जाता है।

ठेके हासिल करने से लेकर बिलों के भुगतान तक अनेक स्तरों पर भ्रष्टाचार व्याप्त है। जब परियोजना की लागत का बड़ा भाग अवैध लेन-देन में खर्च हो जाता है, तब निर्माण की गुणवत्ता पर सीधा प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। घटिया सामग्री का उपयोग, तकनीकी मानकों की अनदेखी और समय सीमा का दबाव मिलकर ऐसी संरचनाएं तैयार करते हैं जो पहली ही परीक्षा में असफल हो जाती हैं। विडंबना यह भी है कि प्रत्येक दुर्घटना के बाद जांच समितियां गठित होती हैं, रिपोर्टें तैयार होती हैं, मुआवजे घोषित होते हैं, लेकिन व्यवस्था में कोई मूलभूत परिवर्तन नहीं आता। दोषी अधिकारियों और ठेकेदारों के विरुद्ध मुकदमे वर्षों तक लंबित रहते हैं। जनता का आक्रोश धीरे-धीरे शांत हो जाता है और फिर कोई नई दुर्घटना उसी कहानी को दोहरा देती है। विकसित देशों में भी दुर्घटनाएं होती हैं, किंतु वहां प्रत्येक हादसे के बाद प्रणालीगत सुधार किए जाते हैं। भारत में सुधार की अपेक्षा लीपापोती अधिक दिखाई देती है।

अब समय आ गया है कि सार्वजनिक निर्माण कार्यों के लिए पूरी व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन किया जाए। प्रत्येक परियोजना के लिए स्वतंत्र थर्ड-पार्टी गुणवत्ता ऑडिट अनिवार्य किया जाए। निर्माण सामग्री की डिजिटल ट्रैकिंग, प्रत्येक चरण का तकनीकी सत्यापन तथा ड्रोन और आधुनिक सेंसर आधारित निरीक्षण को व्यवस्था का हिस्सा बनाया जाए। परियोजना पूरी होने के बाद केवल उद्घाटन नहीं, बल्कि निश्चित अवधि तक उसके प्रदर्शन का भी वैज्ञानिक मूल्यांकन किया जाए। सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता यह है कि दोषी अधिकारियों, इंजीनियरों और ठेकेदारों की व्यक्तिगत एवं आर्थिक जवाबदेही तय हो। यदि उनकी लापरवाही से जनहानि होती है या सार्वजनिक धन की बबार्दी होती है, तो केवल निलंबन नहीं, बल्कि सेवा से बर्खास्तगी, आर्थिक दंड और आपराधिक मुकदमे जैसी कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। जब तक भ्रष्टाचार की कीमत चुकानी नहीं पड़ेगी, तब तक भ्रष्टाचार समाप्त नहीं होगा।

भारत आज विकसित राष्ट्र बनने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा है। विश्वस्तरीय एक्सप्रेसवे, आर्थिक गलियारे, हाई-स्पीड रेल, आधुनिक हवाई अड्डे और स्मार्ट शहर तभी सार्थक होंगे, जब उनकी नींव ईमानदारी, गुणवत्ता और पारदर्शिता पर आधारित होगी। विकास का अर्थ केवल नई परियोजनाओं का उद्घाटन नहीं, बल्कि उनका वर्षों तक सुरक्षित और टिकाऊ बने रहना भी है। आज आवश्यकता केवल नई सड़कें और पुल बनाने की नहीं, बल्कि ऐसी व्यवस्था बनाने की है जिसमें कोई भी सड़क पहली बारिश में न धंसे, कोई पुल उद्घाटन से पहले न गिरे और कोई हवाई अड्डा यात्रियों के लिए खतरा न बने। भ्रष्टाचार की गहरी नींव पर विकास की मजबूत इमारत कभी खड़ी नहीं हो सकती। यदि भारत को वास्तव में विकसित राष्ट्र बनना है, तो विकास की चमक के साथ उसकी गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही को भी राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाना होगा। तभी जनता का विश्वास बचेगा, सार्वजनिक धन सुरक्षित रहेगा और विकास का मार्ग सचमुच मजबूत एवं स्थायी बन सकेगा।

# रामलला मंदिर दान चोरी प्रकरण: आस्था की रक्षा केवल श्रद्धा से नहीं, जवाबदेही से भी होगी

कमलेश पांडे

धार्मिक संस्थाओं की पवित्रता केवल पूजा-पद्धति से नहीं, बल्कि उनके प्रशासनिक चरित्र से भी तय होती है। पारदर्शी व्यवस्था आस्था को मजबूत करती है, जबकि लापरवाही या अपारदर्शिता संदेह को जन्म देती है। इसलिए यह समय दोषारोपण का नहीं, बल्कि व्यवस्था को अधिक विश्वसनीय बनाने का है। अयोध्या के श्री रामलला मंदिर में दानपात्रों से धन चोरी की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है। यह केवल एक आपराधिक वारदात नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था, धार्मिक संस्थानों की विश्वसनीयता और उनके प्रशासनिक प्रबंधन से जुड़ा गंभीर प्रश्न है। ऐसे समय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले का सार्वजनिक वक्तव्य विशेष महत्व रखता है।

इस वक्तव्य का सबसे बड़ा संदेश यह है कि आस्था के केंद्र भी जवाबदेही से ऊपर नहीं हो सकते। यदि किसी धार्मिक संस्थान में सुरक्षा या प्रशासनिक व्यवस्था में चूक होती है, तो उसे छिपाने के बजाय स्वीकार करना और सुधारना ही उसकी गरिमा को बढ़ाता है। यही स्वस्थ संस्थागत संस्कृति का आधार है। राम मंदिर केवल एक भव्य निर्माण नहीं, बल्कि भारतीय समाज की सांस्कृतिक चेतना, विश्वास और लंबे ऐतिहासिक संघर्ष का प्रतीक है। ऐसे संस्थान की प्रतिष्ठा उसकी ऊँची दीवारों या भव्य शिखरों से नहीं, बल्कि उसके प्रबंधन की पारदर्शिता और नैतिकता से भी तय होती है। श्रद्धालु जब दानपात्र में धन डालता है, तो वह केवल रुपये नहीं देता, बल्कि अपना विश्वास भी सौंपता है। उस विश्वास की रक्षा करना प्रत्येक संबंधित संस्था और प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। दत्तात्रेय होसबाले का वक्तव्य इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है कि उसमें घटना को हल्के में लेने का कोई संकेत नहीं दिखता। यह स्पष्ट संदेश है कि दोषियों की पहचान हो, निष्पक्ष जांच हो और कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई हो। इससे यह भी संकेत मिलता है कि



धार्मिक संस्थाओं की गरिमा बनाए रखने के लिए पारदर्शिता आवश्यक है, न कि मौन। इस घटना को राजनीतिक चश्मे से देखने की जल्दबाजी भी उचित नहीं होगी। किसी भी सार्वजनिक वक्तव्य की व्याख्या उसके शब्दों और आशय के आधार पर होनी चाहिए, न कि पूर्वाग्रहों के आधार पर। यदि वक्तव्य का केंद्र बिंदु आस्था की रक्षा, जवाबदेही और निष्पक्ष जांच है, तो उसी संदर्भ में उसका मूल्यांकन होना चाहिए।

यह घटना एक बड़े राष्ट्रीय विमर्श का अवसर भी देती है। देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर प्रतिदिन करोड़ों रुपये का दान आता है। क्या सभी संस्थानों में आधुनिक सुरक्षा प्रणाली, डिजिटल निगरानी, नियमित लेखा-परीक्षा और स्वतंत्र ऑडिट जैसी व्यवस्थाएँ पर्याप्त रूप से लागू हैं? यदि नहीं, तो अब इस दिशा में गंभीर और समयबद्ध पहल होनी चाहिए। धार्मिक संस्थाओं की पवित्रता केवल पूजा-पद्धति से नहीं, बल्कि उनके प्रशासनिक चरित्र से भी तय होती है। पारदर्शी व्यवस्था आस्था को मजबूत करती है, जबकि लापरवाही या अपारदर्शिता संदेह को जन्म देती है।

इसलिए यह समय दोषारोपण का नहीं, बल्कि व्यवस्था को अधिक विश्वसनीय बनाने का है। रामलला मंदिर दान चोरी प्रकरण अंततः हमें यही सिखाता है कि आस्था और उत्तरदायित्व एक-दूसरे के पूरक हैं। जहाँ श्रद्धा है, वहाँ ईमानदारी और पारदर्शिता भी उतनी ही अनिवार्य होनी चाहिए। यदि इस घटना से सबक लेकर व्यवस्थाओं को मजबूत किया जाता है, तो यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना भी भविष्य के लिए एक सकारात्मक परिवर्तन का आधार बन सकती है।

## जांच कमेटी की क्लीन चिट

संतोष उत्सुक

(व्यंग्य)

क्लीन चिट भी एक तरह का स्पष्ट निर्णय होता है। यह उसके हक में जाता है जिसके सम्बन्ध खास खास लोगों के साथ क्लीन होते हैं। जांच कमेटी को उनके सम्बन्धों की कद्र करनी पड़ती है। जमाने को पता चल जाता है कि सही समय पर उच्च कोटि के सम्बन्ध कितना काम आते हैं।

गहन जांच करने के बाद क्लीन चिट देने वाले जिम्मेदार लोग होते हैं। जब भी प्रसिद्ध, महान और धनवान लोगों की जांच करनी पड़ती है तो जांच करने वालों की जिम्मेवारी बहुत बढ़ जाती है। उन्हें पहले से ही पता रहता है कि किस व्यक्ति को जिम्मेदार ठहराया जाना है। इसको फंसाने की कोशिश करनी होगी, उसको पूरा डुबोना पड़ेगा। जांच कमेटी का एक नायक होता है।



उसकी भूमिका भी गजब होती है। वह नायक तो होता है लेकिन उसे नायकत्व का सिर्फ अभिनय करना होता है। वह प्राकृतिक अभिनय करता है और सचाई को सार्वजनिक होने से बचाते हुए क्लीन चिट उपहार में देता है। बेचारी सचाई उसी खोल में सुरक्षित पड़ी रहती है जहां उसे व्यवस्थाजी की इच्छा के अनुसार होना होता है।

क्लीन चिट भी एक तरह का स्पष्ट निर्णय होता है। यह उसके हक में जाता है जिसके सम्बन्ध खास खास लोगों के साथ क्लीन होते हैं। जांच कमेटी को उनके सम्बन्धों की कद्र करनी पड़ती है। जमाने को पता चल जाता है कि सही समय पर उच्च कोटि के सम्बन्ध कितना काम आते हैं। चोरी, कमीशन खोरी जैसी हरकतें ज्यादा महत्त्वपूर्ण नहीं मानी जाती। रिश्तेदार और करीबी तो जिंदगी भर साथ निभाते हैं इसलिए उनका ख्याल रखना ही होता है। दोष, गवाह, पदाधिकारी, हेरफेर, आरोप, अंदेशा, सबूत बारे बहुत ज्यादा गहरी जांच की जाती है। जांच करने वाले विशेष लोग होते हैं जो सिर्फ खोज के लिए अधिकृत होते हैं लेकिन पहचान की बात उन्हें भी माननी पड़ती है। इसलिए ज्यादा ऊपर से हुक्म आता है कि विस्तृत जांच की जाए तो करनी ही पड़ती है। संजीदा जांच पानी का दूध कर सकती है और दूध को पानी पानी करवा सकती है। कुछ लोग कहते है दूध और पानी ही नहीं कॉकटेल भी कर सकती है। क्लीन चिट किसी को यूं ही नहीं दी जा सकती।

सुदृढ़ व्यवस्था ही जांच कमेटी से गहन जांच करवा सकती है और क्लीन चिट देने वाली जांच कमेटी ही शानदार व्यवस्था पर सवाल उठा सकती है। अब सब कुछ नया डिजिटल है फिर भी लोकतान्त्रिक परम्पराओं की बात होती है जैसे प्रबंधन में व्यवस्था की कमी, रिकॉर्ड में उचित रखरखाव न होना, गलत कम्पनी को ठेका देना, नालायक सीसीटीवी कैमरे, बेचारी संदिग्ध भूमिकाएं, बढ़ती भीड़। हर जांच कमेटी सिफारिश जरूर करती है कि संस्था का पुनर्गठन हो, प्रबंधन के लिए पेशेवर लोगों को लाएं, हर सप्ताह ईमानदार ऑडिट किया जाए, सीसीटीवी की मरम्मत करवाते रहें। इसमें कुछ काम तो असंभव ही होते हैं फिर भी करने को कहा जाता है। क्लीन चिट देनी होती है मजाक नहीं है।

गड़बड़ी, हेराफेरी और बदमाशी बहुत समझदारी और चालाकी से की जाती है। इसलिए जांच करने वाले इंसानों का नैतिक कर्तव्य बहुत लम्बा चौड़ा हो जाता है तभी जांच कमेटी बार बार पंद्रह दिन का समय मांगती रहती है। नकली बुद्धि गलती कर सकती है इसलिए उसे महत्त्वपूर्ण जांच की जिम्मेदारी नहीं दे सकते। क्लीन चिट ऐसे ही किसी कुपात्र को नहीं दे सकते। यह तो सुपात्र को ही मिलती है इसलिए इसकी महिमा बरकरार रहती है।


## लोक कथा

### खिचड़ी

किसी गांव में एक बूढ़ी माई रहती थी। बूढ़ी माई माघ का व्रत करती थी, नियम से गंगा स्नान करती थी और व्रत रखकर श्रीकृष्ण का भजन करती थी। उसके व्रत खोलने के समय कृष्ण भगवान आते और उसके पास एक कटोरा खिचड़ी रखकर चले जाते थे। बुढ़िया के पड़ोस में एक औरत रहती थी। वह उससे जला करती थी। वह हर रोज यह देखती कि बूढ़ी के पास दिनभर तो खाने के लिए कुछ होता नहीं फिर ये व्रत करके रोज-रोज खिचड़ी कहां से खाती है। एक बार माघ संक्रांति के दिन बूढ़ी माई गंगा स्नान के लिए गई। उधर, कृष्ण भगवान उसका खिचड़ी का कटोरा लेकर आए और रख गए। पड़ोसन ने बूढ़ी के आंगन में जब खिचड़ी का कटोरा रखा देखा और देखा कि बुढ़िया नही है तब उसने घर के पीछे के दरवाजे की सड़क किनारे खिचड़ी फेंक दी और कटोरा भी वहीं डाल दिया। स्नान के बाद बूढ़ी मां घर आई तो उसे खिचड़ी का कटोरा नहीं मिला और वह भूखी ही रह गई। बार-बार एक ही बात कहती कि कहां गई मेरी खिचड़ी और कहां गया मेरा खिचड़ी का कटोरा। दूसरी ओर पड़ोसन ने जहां खिचड़ी गिराई थी वहां एक पौधा उगा जिसमें दो फूल खिले। उस राज्य का राजा बड़ा दयालु था। उसके पास धन-वैभव सब कुछ था लेकिन एक भी संतान नहीं थी। जिससे राज्य में उत्तराधिकार की भी समस्या थी और राजा भी परेशान रहता था। एक बार राजा उस ओर से निकला तो उसकी नजर उन दोनो फूलों पर पड़ी और वह उन्हें तोड़कर घर ले आया। घर आने पर उसने वह फूल रानी को दिए जिन्हें सूंघने पर रानी गर्भवती हो गई। कुछ समय बाद रानी ने दो पुत्रों को जन्म दिया। वह दोनों जब बड़े हो गए तब वह किसी से भी बोलते नही थे, लेकिन जब वह दोनो शिकार पर जाते तब रास्ते में उन्हें वही बूढ़ी माई मिलती जो अभी भी यही कहती कि कहां गई मेरी खिचड़ी और कहां गया मेरा कटोरा ? बुढ़िया की बात सुनकर वह दोनों कहते कि हम हैं तेरी खिचड़ी और हम हैं तेरा कटोरा। हर बार जब भी वह शिकार पर जाते तो बुढ़िया यही बात कहती और वह दोनो वही उत्तर देते। एक बार राजा के कानों में यह बात पड़ गई। उसे आश्चर्य हुआ कि दोनो लड़के किसी से नहीं बोलते तब यह इस बूढ़ी से कैसे बात करते हैं। राजा ने उस वृद्ध महिला को राजमहल बुलवाया और कहा कि हम से तो किसी से ये दोनों बोलते नहीं है, तुमसे यह कैसे बोलते हैं ? बुढ़िया ने कहा कि महाराज मुझे नहीं पता कि ये कैसे मुझसे बोल लेते हैं। मैं तो माघ का व्रत करती थी और कृष्ण भगवान मुझे खिचड़ी का कटोरा भरकर दे जाते थे। एक दिन मैं स्नान कर के वापिस आई तो मुझे वह खिचड़ी नहीं मिली। जब मैं कहने लगी कि कहां गई मेरी खिचड़ी और कहां गया मेरा कटोरा ? तब इन दोनों लड़कों ने कहा कि तुम्हारी पड़ोसन ने तुम्हारी खिचड़ी फेंक दी थी तो उसके दो फूल बन गए थे। वह फूल राजा तोड़कर ले गया और रानी ने सूंघा तो हम दो लड़को का जन्म हुआ। हमें भगवान ने ही तुम्हारे लिए भेजा है। सारी बात सुनकर राजा ने बूढ़ी मां को महल में ही रहने दे दिया। इस तरह बूढ़ी माई के दिन फिर गए और राजा को भी अपने लिए खिचड़ी के प्रसाद से दो पुत्र रत्न मिल गए। राजा ने बड़े पैमाने पर खिचड़ी बनवाकर बूढ़ी माई के साथ मिलकर कृष्ण जी का भोग लगवाया और लोगों को भी प्रसाद बांटा। इस तरह संक्रांति के दिन खिचड़ी खाने और बांटने की परंपरा चल पड़ी।

## पंचतंत्र कहानी

### अनुशासन से आई चुस्ती



शेखू मेहनती व होशियार लड़का था। स्कूल में भाषण प्रतियोगिता होनी थी। पुरस्कारों में महंगे उपहार मिलने थे। सब विद्यार्थी उत्साहित थे। अपने अध्यापक के कहने पर शेखू ने भी प्रतियोगिता में नाम लिखवा दिया। पापा की मदद से उसने अच्छी प्रभावशाली शब्दावली वाला भाषण तैयार कर लिया। शेखू को कई साल तक यह पता नहीं था कि उसका नाम ऐतिहासिक है। बचपन से उसे राजकुमारों की तरह एक टांग मोड़कर उस पर दूसरी टांग टिकाकर हाथ में दूध की बोतल पकड़कर आराम से दूध पीने की आदत रही। धीरे धीरे बड़ा हुआ तो उसकी आदतों में आलस शुमार होने लगा। स्कूल में सहपाठियों ने उसके नाम का अर्थ पूछा तो उसे पता नहीं था। उसने अपने पापा से पूछा तो बताया कि तुम्हारा नाम महान कहे जाने वाले मुगल सम्राट अकबर के बेटे सलीम के नाम पर है। सलीम को घर में प्यार से शेखू पुकारा जाता था। शेखू यह सुनकर बहुत खुश हुआ और उसके दोस्त बोले, क्या नाम है तुम्हारा वाह! शेखू मेहनती व होशियार लड़का था। स्कूल में भाषण प्रतियोगिता होनी थी। पुरस्कारों में महंगे उपहार मिलने थे। सब विद्यार्थी उत्साहित थे। अपने अध्यापक के कहने पर शेखू ने भी प्रतियोगिता में नाम लिखवा दिया। पापा की मदद से उसने अच्छी प्रभावशाली शब्दावली वाला भाषण तैयार कर लिया। उधर दूसरे प्रतियोगी भी तैयारी में जुटे थे सबकी नजर बढ़िया पुरस्कारों पर थी। पापा ने समझाया कि तुम अपना भाषण निश्चित समय में खत्म करने के लिए सही स्पीड से बोलना। प्रतियोगिता के दिन वह अच्छी तैयारी करकर आया था। उसके बोलने के तरीके व सही उच्चारण की सभी ने तारीफ की। खूब तालियाँ बटोरीं उसने पर एक गड़बड़ कर दी। भाषण धीमी रफ़्तार से दिया तभी उसे निश्चित अवधि से ज्यादा समय लग गया। मुख्य निर्णायक ने निर्णय सुनाने से पहले कहा कि शेखू की प्रस्तुति सर्वोत्तम थी उसे प्रथम पुरस्कार मिलता यदि उसने अपना बढ़िया भाषण निश्चित समय में पूरा कर लिया होता। उसे दूसरा पुरुस्कार मिला। शेखू जब घर लौटा तो उसके दिमाग में पहली बार कुछ चल रहा था। उसने मम्मी पापा को बताया तो उन्होंने अगली बार चुस्ती से प्रयास करने को प्रेरित किया। अपने कमरे में जाकर आँखें मीचकर वह कुछ देर अकेला बैठा रहा फिर एक कागज पर बार बार कुछ लिखता रहा। कुछ देर बाद उसके पापा ने आकर उसे प्यार से समझाया कि यूं उदास हो जाने से कुछ नहीं होगा। घबराओ मत यह तो आपके जीवन की पहली प्रतियोगिता थी। अभी तो तुमने सैकड़ों प्रतियोगिताओं में शामिल होना है। जीवन एक प्रतियोगिता है जिसमें जीत हार तो चलती रहती है। तुम्हें अपने आप से वायदा करना है कि तुम सुस्ती छोड़ दोगे और अपने सभी प्रयास पूरी मेहनत, निश्चित समय में तत्परता से करोगे। शेखू ने नीची नजर कर वह कागज पापा को थमा दिया था। जिस पर सुन्दर शब्दों में सौ बार लिखा हुआ था, पापा अब मैं सुस्ती नहीं करूंगा। उसकी आँखों में निश्चय की चमक थी वह बदल चुका था। पापा ने उसे एक घड़ी उपहार में दी और कहा यह लो कल से अलार्म लगाकर उठना और अपना वादा निभाना। अगली सुबह सचमुच अच्छी रही शेखू ने अलार्म बजते ही बिस्तर छोड़ दिया था और कुछ देर व्यायाम के बाद पढ़ने बैठ गया था। उसके जीवन में चुस्ती प्रवेश कर चुकी थी।

# कुरावली में पुलिस का खौफ खत्म, चोरों का आतंक

## लगातार दूसरी दुकान से चोरी, व्यापारियो में दहशत

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**मैनपुरी।** कुरावली थाना क्षेत्र के घिरोर मार्ग पर कुंवरपुर चुंगी के निकट लगातार दूसरे दिन चोरी की घटना ने स्थानीय व्यापारियों और आम नागरिकों में भारी रोष तथा दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। चोरों ने इस बार लकड़ी के बांस के टट्टर को तोड़कर एक किराना-फल फ्रूट तथा कोल्ड ड्रिंक की दुकान को निशाना बनाया। इस घटना के बाद लोग चर्चा कर रहे है कि कुरावली में अब पुलिस का खौफ खत्म हो गया है।

कुरावली थाना क्षेत्र के मोहल्ला कुंवरपुर निवासी वारिस पुत्र अलीम खां की घिरोर मार्ग पर चुंगी के निकट सड़क किनारे बांस के टट्टर की बनी दुकान है, जिसमें वह फल, परचून, कोल्ड ड्रिंक आदि सामान बेचते हैं। बीते गुरुवार रात करीब 11 बजे वारिस रोजाना की तरह दुकान बंद कर घर चला गया। शुक्रवार सुबह जब उसने दुकान खोली तो देखा कि परचून, फल और कोल्ड ड्रिंक का सारा सामान चोरी हो चुका है। चोरों ने दुकान खाली कर दी। वारिस ने इस घटना की तहरीर थाने में दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इससे एक दिन पहले, बुधवार-गुरुवार की रात इसी दुकान के सामने सड़क के दूसरी तरफ सोनू पुत्र हरिशंकर निवासी कुंवरपुर की ओम ज्वेलर्स की दुकान में चोरों ने लाखों रुपये के आभूषण चोरी कर लिये थे। उस घटना की भी थाने में सूचना दी गई थी।

घिरोर मार्ग पर कुंवरपुर चुंगी क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से स्थानीय दुकानदारों और व्यापारियों में भारी दहशत फैल गई है। लोग पूछ रहे हैं कि पुलिस की नाक के नीचे इतनी बड़ी चोरी कैसे हो रही है और सुरक्षा व्यवस्था कहां है? व्यापारियों ने प्रशासन और पुलिस से तत्काल कार्रवाई की मांग की है, ताकि चोरों पर अंकुश लगाया जा सके और इलाके में शांति बहाल हो।

### क्या बोले सीओ कुरावली

ज्वैलर्स की दुकान पर चोरी की सूचना मिलने पर निरीक्षण किया गया था, जांच में चोरी होने की मजबूती कहीं पर नजर नही आई, ज्वैलर्स की दुकान में चोरी की घटना संदिग्ध प्रतीत हो रहीं है। वैसे पुलिस मामले की जांच में लगी हुई है। जांच के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# वृक्षारोपण करने के बाद फोटो एप पर अपलोड की जाए

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**मैनपुरी।** जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक में प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी शिवम मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि 12 जुलाई से पूर्व अपने-अपने विभाग के वृक्षारोपण लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत गड्ढा खुदान कराकर सूचना वन विभाग को उपलब्ध करायें। उन्होंने कहा कि सभी विभागों को वृक्षारोपण लक्ष्य के सापेक्ष पौध उठान हेतु नर्सरी आवंटित कर सूचना उपलब्ध कराई जा चुकी है, सभी संबंधित अधिकारी अपने-अपने आवंटित पौधशाला से वृक्षारोपण अभियान से पूर्व पौध उठान अवश्य कर लें। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण अभियान के दौरान जो भी पौधे रोपित किए जाएं उसकी हरितिमा एप पर जिओ टैग के माध्यम से फोटो अपलोड करना सुनिश्चित करें।

उन्होने कहा कि वृक्षारोपण अभियान के दौरान रोपित पौधों को बेहतर देख-भाल व सुरक्षा के प्रबंध किए जाएं, पौधों की पर्याप्त निराई, गुढ़ाई कराई जाए। उन्होने जिला पंचायतराज अधिकारी, क्षेत्रीय वनाधिकारियो से कहा कि रोस्टर तैयार कर प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्रीन चौपाल का गठन कराकर ग्रीन चौपाल की बैठक खंड विकास अधिकारियों के समन्वय से करना सुनिश्चित करें। उन्होने जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगर निकाय से कहा कि एम.आर.एफ. सेंटर क्रियाशील रहें।

इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आर.सी. गुप्ता, जिला विकास अधिकारी अजय कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी सिद्धार्थ यादव, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण ए. के. अरुण, अधिशासी अभियंता सिंचाई राजीव कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अरुण कुमार शुक्ला सहित खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर निकाय आदि उपस्थित रहे, बैठक का संचालन उप क्षेत्रीय वनाधिकारी राजीव दीक्षित ने किया।

# मैनपुरी में मानसून की बेरुखी से किसान परेशान

## उमस और भीषण गर्मी में सूख रही धान की पौध



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**किशनी/मैनपुरी।** क्षेत्र में मानसून की धीमी रफ्तार किसानों की चिंता बढ़ाती जा रही है। पिछले कई दिनों से पड़ रही उमस भरी गर्मी के बीच केवल एक दिन हल्की और रुक-रुक कर हुई बारिश से खेतों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाया। इसका असर धान की पौध पर साफ दिखाई दे रहा है, जो तेज धूप और गर्मी के कारण सूखने लगी है।

बारिश न होने से किसान मजबूरी में गैस सिलेंडर, इंजन, ट्यूबवेल और समरसेबल पंपों की मदद से खेतों में सिंचाई कर रहे हैं। इससे उनकी लागत लगातार बढ़ रही है। किसानों का कहना है कि यदि लगातार दो घंटे अच्छी बारिश हो जाए तो धान की फसल के लिए पर्याप्त पानी मिल सकता है, लेकिन छिटपुट बारिश से कोई विशेष लाभ नहीं हो रहा है। किसान जगदीश यादव, संजू मिश्रा, योगेश पालीवाल और छवीले यादव ने बताया कि यदि सिंचाई पूरी करने के बाद तेज बारिश होती है तो उनका अतिरिक्त खर्च भी बेकार जाएगा। उनका कहना है कि अभी भी समय रहते अच्छी बारिश हो जाए तो धान की फसल को काफी लाभ मिल सकता है। क्षेत्र के किसानों ने ट्यूबवेलों से पानी लेकर धान की पौध तैयार कर ली है और अब रोपाई का समय आ गया है। लेकिन रोपाई के लिए खेतों में पर्याप्त पानी जरूरी है। किसानों का कहना है कि यदि इंद्रदेव मेहरबान हो जाएं तो उन्हें सिंचाई पर अतिरिक्त खर्च नहीं करना पड़ेगा। किसानों ने बताया कि इस बार आलू और हरी सब्जियों की खेती से भी लागत निकालना मुश्किल हो गया है। उधर, क्षेत्र के बंबा, माइनर और नहरें भी लगभग सूखी पड़ी हैं, जिससे सिंचाई की समस्या और गंभीर हो गई है।

### माइनरो से टेल तक पानी पहुंचाने का प्रयास

इटावा प्रखंड के एसडीओ मनीष पाल ने बताया कि गंगा नदी में जलस्तर और पानी का प्रवाह कम होने के कारण माइनरों में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है। जैसे ही गंगा में जलस्तर बढ़ेगा, माइनरों के माध्यम से टेल तक पानी पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

# मैनपुरी में हजारों ई-वाहन, चार्जिंग स्टेशन एक भी नहीं

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**मैनपुरी।** शहर में पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों के बीच लोग तेजी से इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर रुख कर रहे हैं। जिले में ई-वाहनों की संख्या तेजी से बढ़ रही है लेकिन सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन का अभाव बड़ी समस्या बना हुआ है। सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन नहीं होने के कारण वाहन मालिकों को घरों पर ही वाहन चार्ज करना पड़ता है। लंबी दूरी तय करने वाले लोगों को हमेशा बैटरी खत्म होने की चिंता सताती रहती है। जनपद में कुल 6338 इलेक्ट्रिक वाहन पंजीकृत हैं। इनमें 2529 ई-स्कूटर और बाइक, 113 ई-कारें तथा अन्य श्रेणी के इलेक्ट्रिक वाहन शामिल हैं। हर महीने इनकी संख्या बढ़ रही है लेकिन चार्जिंग की सुविधा उसी अनुपात में विकसित नहीं हो सकी है। शहर में एक भी चार्जिंग स्टेशन न होने से लोगों को अपने घरों में ही वाहन चार्ज करना पड़ रहा है। इसके चलते लोग ई-वाहन से लंबी दूरी की यात्रा करने से बच रहे हैं। नगर पालिका की तरफ से शहर में सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिकारियों के अनुसार चिह्नित स्थानों पर चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। फिलहाल पालिका की ओर से ज्योंती रोड स्थित धारऊ को चिह्नित तक चार्जिंग स्टेशन का प्रभाव भेजा गया है। चार्जिंग स्टेशन बनने के बाद लोगों को आसानी से वाहन चार्ज करने की सुविधा मिलेगी।



# भाजपा की सरकार में राम मंदिर का चंदा भी सुरक्षित नहीं

## - मैनपुरी पहुंचे शिवपाल यादव ने भाजपा सरकार पर कसे तंज

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**मैनपुरी।** करहल पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव ने शुक्रवार की शांय राम मंदिर चंदा चोरी मामले में भाजपा सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में तो मंदिर का चंदा तक सुरक्षित नहीं है। मंदिर से चंदा चोरी चला जाना बेहद गंभीर प्रकरण है। सपा राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव करहल कस्बा में एक परिवार के यहां शोक संवेदना जताने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ये तो सबसे बड़े अधर्मी हैं जो राम मंदिर को भी नहीं छोड़ रहे। भले भाजपा की सरकार दावे करे, लेकिन सभी मोर्चे पर विफल रही है। कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। महंगाई के कारण सामान्य परिवार का बजट पूरी तरह से गड़बड़ा गया है। शिवपाल सिंह भगवान श्रीराम मंदिर जैसी पवित्र जगह पर चोरी करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों को गंभीर और बड़ी सजा दी जाए। मंदिर में चोरी करने वाला व्यक्ति सबसे बड़ा अधर्मी है। उन्होंने कहा कि जो लोग भगवान राम मंदिर में चोरी जैसी घटना को अंजाम देते हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई जरूरी है। भगवान राम मंदिर को भी नहीं छोड़ने वाले लोग जनता के हितों की रक्षा कैसे करेंगे। आरोप लगाया कि सरकार में भ्रष्टाचार और बेईमानी बढ़ गई है और आम जनता परेशान है।

### भाजपा सरकार में सभी वर्ग परेशान

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का भारतीय जनता पार्टी से किसी भी प्रकार का कोई संबंध नहीं है और न ही भाजपा से कोई बातचीत होगी। समाजवादी पार्टी जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को उठा रही है। शिवपाल ने कहा कि वर्तमान सरकार में गरीब, किसान और व्यापारी सभी परेशान हैं। बिना पैसे के कोई काम नहीं हो रहा है और लोगों को लगातार दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा के सहयोगी दलों के बयानों को लेकर भी शिवपाल यादव ने निशाना साधा।

### सीएम का कोई विजन नहीं

पूर्व पीडब्ल्यूडी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री का कोई विजन नहीं है। तभी तो एक्सप्रेसवे के पास बनी हवेलिया मंडी का कार्य अधूरा पड़ा है। अखिलेश यादव का सपना था सभी किसानों को उपज का सही दाम मिले। इसके लिए एक्सप्रेसवे के किनारे मंडियों का निर्माण कार्य कराया जा रहा था। अब भाजपा सरकार में काम बंद पड़ा हुआ है। इस मौके पर पूर्व विधायक अनिल यादव, पूर्व डीसीबी अध्यक्ष डा. रामकुमार यादव, रामनारायण बाथम, महेश बाबू, राजा बाबू आदि मौजूद रहे।

# सडक दुघर्टना में घायल युवक की मौत

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**भोगांव/मैनपुरी।** सडक दुघर्टना मे घायल हुये युवक की उपचार दौरान मौत हो गई जिससे परिजनो मे कोहराम मच गया। थाना क्षेत्र के ग्राम परसादपुर निवासी 27 बर्षीय अरूण कुमार पुत्र अतर सिंह गत माह 29 जून को बाइक से आलीपुर खेडा बाजार करने जा रहा था ग्राम बरहट के निकट जब पहुचा ही था कि ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे अरूण गम्भीर रूप से घायल हो गया था जिसे उपचार हेतु नोयडा मे भर्ती कराया गया था जहां गत दिवस उपचार दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अरून कै शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है।

विधि के विधान को कोई नही बदल सकता और होनी होकर ही रहती है थाना क्षेत्र के ग्राम परसादपुर निवासी 27 बर्षीय अरूण कुमार की शादी जनपद फरूर्खाबाद के थाना जहानगंज क्षेत्र के ग्राम गुदनामई मे तय हो गई है तथा गत माह अरूनके परिजन गोदभराई की रस्म भी कर चुके थे और शादी नवम्बर माह मे निकली थी जिससे घर मे खुशियो का माहौल था लेकिन अचानक से सब कुछ बदल गया और घर मे खुशियो का माहौल गम मे बदल गया।

# सामूहिक विवाह स्थल पर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कराई जाएं

## डीएम ने निरीक्षण करके विवाह स्थल का किया चयन, दिए निर्देश



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**मैनपुरी।** डीएम डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु के साथ 11 जुलाई को प्रस्तावित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के सफल आयोजन हेतु स्थल चिन्हांकन हेतु धारऊ स्थित गार्डन व श्रीदेवी मेला ग्राम सुधार प्रदर्शनी का भ्रमण कर सामूहिक विवाह हेतु उपर्युक्त स्थल का चयन श्रीदेवी मेला क्षेत्र को करते हुए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्धारित तिथि से पूर्व पूरे परिसर की सही ढंग से साफ-सफाई करने के निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि सामूहिक विवाह भव्य समारोह में किया जाए, किसी भी स्तर पर कोई कमी न रहे, चयनित जोड़ों को लाने, ले जाने के बेहतर प्रबंध किए जाएं, कार्यक्रम स्थल पर सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त रहें, दोनों पक्षों के बैठने हेतु मुकम्मल इंतजाम रहे, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में हिंदू-मुस्लिम रीति-रिवाज से वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न होंगे। श्री त्रिपाठी ने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर विवाह के पंजीकरण हेतु पर्याप्त स्टॉल लगाए जाएं, सुरक्षा व्यवस्था हेतु पर्याप्त मात्रा में पुलिस की तैनाती की जाए, साज-सज्जा से लेकर खान-पान व्यवस्था हेतु प्रत्येक स्तर पर अधिकारियों, कर्मचारियों की तैनाती की जाए।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु, परियोजना निदेशक डी.आर.डी.ए. शोभनाथ चौरसिया, उपायुक्त एन.आर.एल.एम. शौकत अली, जिला समाज कल्याण अधिकारी अशोक कुमार मिश्र, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बुद्धि प्रकाश, नाजिर रोहित दुबे, अनुज कुमार आदि उपस्थित रहे।

# मुकदमे निस्तारण को जिला जज ने गठित कीं चार टीम

## 21 से 23 अगस्त तक होगा विशेष लोक अदालत का आयोजन

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**मैनपुरी।** सर्वोच्च न्यायालय में वादों का निस्तारण लोक अदालत की तर्ज पर किया जाएगा। इसके लिए 21 से 23 अगस्त तक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। मुकदमे निस्तारण के लिए जनपद न्यायाधीश ने चार टीमों का गठन किया है।



दीवानी परिसर स्थित विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में शुक्रवार को इस संबंध में बैठक हुई। प्राधिकरण सचिव नूतन चौहान ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय में 21 से 23 अगस्त तक विशेष लोक अदालत आयोजित की जा रही है। इसमें आपसी सुलह के आधार पर मुकदमे निस्तारित कराए जाएंगे। जनपद के भी कुछ मामले निस्तारित होने हैं। इसके लिए जिला जज ने चार टीमें गठित की हैं।

उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय की पत्रावलियों में पक्षकारों को नोटिस तामील कराए। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट जहेंद्र पाल सिंह, सिविल जज सदस्य पीठ ऋषभ चतुर्वेदी व सूरज सिंह ने मध्यस्थ अधिवक्ता से प्री-कंसीलियेशन की पहली तिथि पर दो मामलों में बैठक की। बैठक में पक्षकार उपस्थित रहे, अगली तिथि 13 और 14 जुलाई तय की गई है। संबंधित पक्षकारों से अपील की गई है कि वह लोग मध्यस्थता के लिए नोटिस मिलने के बाद उपस्थित होकर निस्तारण कराएं।

# नेशनल हाईवे दो ट्रकों की भिड़त, चालक की मौत

## क्लीनर घायल, लगा रहा काफी देर जाम, पुलिस ने यातायात सुचारू कराया

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**मैनपुरी।** बेवर में जीटी रोड पर दो ट्रकों की भीषण भिड़ंत हो गई। इस हादसे में एक ट्रक के चालक की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि क्लीनर गंभीर रूप से घायल है और उसका अस्पताल में उपचार चल रहा है।

छिबरामऊ से भोगांव की ओर जा रहे दो ट्रकों में से आगे चल रहे ट्रक ने सरदार बंत सिंह होटल के सामने अचानक इमरजेंसी ब्रेक लगा दिए। तेज गति के कारण पीछे से आ रहा ट्रक अनियंत्रित होकर उससे टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों ट्रकों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। पीछे वाले ट्रक का केबिन पूरी तरह क्षितग्रस्त हो गया, जिसमें चालक फंस गया था। आसपास के लोगों ने तुरंत मदद के लिए दौड़कर कड़ी मशक्कत के बाद केबिन काटकर चालक और क्लीनर को बाहर निकाला। हादसे में पीछे वाले ट्रक के चालक अमजद खान (26 वर्ष, निवासी शाहगंज, सोनभद्र) और क्लीनर अवधेश यादव (निवासी धौरारा, मिजार्पुर) गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना मिलते ही बेवर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को बेवर सामुदायिक स्वास्थय केंद्र (सीएचसी) भिजवाया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया था।

इलाज के दौरान चालक अमजद खान की मौत हो गई। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटवाकर यातायात सुचारू कराया।

# बेटी को ब्लैकमेल कर शादी का दबाव बना रहा नामजद

## - विरोध करने पर पिता से मारपीट, पुलिस ने जांच शुरू की

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**मैनपुरी।** करहल रोड यादव नगर निवासी एक युवक पर रकरा गांव की एक महिला की बेटी को ब्लैकमेल कर शादी का दबाव बनाने और विरोध करने पर महिला के पति से मारपीट का आरोप लगा है। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भोगांव थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने प्रभारी निरीक्षक को दी तहरीर में बताया कि आरोपी अमित कुमार सक्सेना पुत्र मुन्नालाल, जो वर्तमान में करहल रोड यादव नगर में रहता है, उसकी ननिहाल रकरा गांव में रामप्रकाश सक्सेना के घर में है। महिला का आरोप है कि अमित उसकी बेटी को ब्लैकमेल कर शादी के लिए धमकी दे रहा है। तहरीर में यह भी कहा गया है कि बेटी की शादी कहीं और हो चुकी है, फिर भी आरोपी शादी का दबाव बना रहा है और मना करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। प्रार्थिनी के अनुसार, बीते 01 जुलाई को शाम करीब 4 बजे उनके पति शिवकुमार शर्मा रकरा में सब्जी की दुकान लगा रहे थे। तभी अमित कुमार अपने चार अज्ञात साथियों के साथ टाटा नेक्सॉन कार से आया और शिवकुमार से मारपीट की। इस हमले में शिवकुमार को गंभीर चोटें आईं।

### आरोपियों ने पति की कर दी मारपीट

शोर सुनकर बाजार के लोग आरोपियों के पीछे दौड़े तो वे ग्राम शिवपुरा नहर के पास बिजली के खंभे से गाड़ी टकराकर भाग निकले। इस दौरान ग्रामीणों ने भी आरोपियों से मारपीट की। पीड़िता सुनीता ने आरोप लगाया है कि उन्होंने बीते 02 जुलाई को थाना कोतवाली भोगांव में लिखित शिकायत दी थी। उनका आरोप था कि पहले रिपोर्ट दर्ज नहीं की जा रही थी और घायल का मेडिकल परीक्षण भी नहीं कराया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी महाराज सिंह भाटी का कहना है कि पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घायल का मेडिकल परीक्षण भी कराया जाएगा।

# तालाब मे दूषित पानी छोडे जाने की शिकायत

## राष्ट्रीय कमल के फूल खराब होने का खतरा मंडराया

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**भोगांव/मैनपुरी।** विकास खंड सुल्तानगंज की ग्रामसभा भोगांव देहात के मजरा ग्राम नगला भगत मे स्थित तालाब मे पंचायत सचिव की मनमानी के चलते गांव का दूषित पानी छोड जाने के कारण तालाब मे उगे कमल के फूल खराब होने लगे है तथा सक्रामक बीमारियो का खतरा बढने की भी सम्भावना बनी हुई है जिसकी शिकायत ग्रामीणो ने उपजिलाधिकारी से कर कारवाही किये जाने की मांग की है।



ग्राम नगला भगत निवासी सीमा देवी, रामप्रकाश, सुरजीत सिंह, संजय, रामपाल, लक्कू सिंह, नेकराम, दिलीप, अजयकुमार, सुमित कुमार, मोहित, उपेन्द्र कुमार, प्रमोद कुमार, अकिंत, ज्ञान सिंह सैकडो ग्रामीणो ने उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुचंकर उपजिलाधिकारी नीरज कुमार द्विवेदी को दियें शिकायती पत्र मे बताया कि गांव मे लगभग दो बीघा मे तालाब है जिसमे कई बर्षो से राष्ट्रीय फूल कमल की उपज बडे पैमाने पर होती है जिसके सौन्दर्यीकरण के लिये ग्रामीणो ने कई बार प्रयास किया लेकिन कोई कारवाही नही हुई विगत 2 जुलाई को गांव के सचिव कार्तिक कुमार ने कुछ लोगो के कहने पर गांव का दूषित पानी तालाब मे करवा दिया जिससे तालाब मे उगे कमल खराब होने लगे है तथा सक्रामक बीमारियो का भी खतरा बढ गया है। ग्रामीणो ने उपजिलाधिकारी से जांच करवाकर कडी कारवाही करने की मांग की है।

# कम्पार्टमेंट/इम्प्रूवमेंट परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ

## सीबीएसई की तरफ से प्रक्रिया 30 जून से 8 जुलाई तक चलेगी

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**मैनपुरी।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की तरफ से कक्षा 12 की कम्पार्टमेंट/इम्प्रूवमेंट परीक्षा-2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी है। बोर्ड द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार आवेदन प्रक्रिया 30 जून से प्रारम्भ होकर 08 जुलाई 2026 तक संचालित रहेगी।

सीबीएसई सिटी कोऑर्डिनेटर डॉ. राम मोहन ने उक्त आश्य की जानकारी देते हुए बताया कि रेगुलर विद्यार्थियों के आवेदन केवल उनके संबंधित विद्यालयों के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। सभी संबद्ध विद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि वे पात्र विद्यार्थियों की ऑनलाइन सूची निर्धारित समय-सीमा के भीतर सीबीएसई पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से अनुरोध किया कि वे पात्र विद्यार्थियों को समय पर सूचित करते हुए आवेदन प्रक्रिया निर्धारित अवधि में पूर्ण कराएं, उन्होंने बताया कि प्राइवेट अभ्यर्थी अपना आवेदन सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से स्वयं ऑनलाइन भर सकते हैं।

उन्होंने आगे बताया कि बोर्ड के निदेशानुसार वर्ष 2026 की मुख्य परीक्षा में नियमित विद्यार्थी केवल एक विषय में ही कम्पार्टमेंट परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसी प्रकार, मुख्य परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थी अपने प्रदर्शन में सुधार के उद्देश्य से केवल एक विषय में ही इम्प्रूवमेंट परीक्षा के लिए आवेदन करने के पात्र होंगे। उन्होंने आगे बताया कि प्राइवेट अभ्यर्थियों के लिए भी पात्रता निर्धारित की गई है। उन्होने आगे बताया कि यदि किसी प्राइवेट अभ्यर्थी को दो विषयों में कम्पार्टमेंट प्राप्त हुई है, तो वह दोनों में से किसी एक विषय में आवेदन करने के पात्र होंगे। इसके अतिरिक्त, वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण होकर केवल एक विषय में अनुत्तीर्ण रहने वाले प्राइवेट अभ्यर्थी केवल एक विषय में इम्प्रूवमेंट परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। वहीं, वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षा में कम्पार्टमेंट घोषित अभ्यर्थी, जो प्रथम एवं द्वितीय अवसर के बाद भी उत्तीर्ण नहीं हो सके हैं।

उन्होंने बताया कि आवेदन एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 08 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। परीक्षा शुल्क का भुगतान केवल डिजिटल माध्यमों यूपीआई, नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड अथवा क्रेडिट कार्ड से किया जाएगा। चालान के माध्यम से शुल्क जमा करने की सुविधा उपलब्ध नहीं है। अंतिम तिथि के पश्चात किसी भी परिस्थिति में आवेदन अथवा परीक्षा शुल्क स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## समय से विद्यालय पहुंचें, बेहतर पढ़ाई कराएं -डीएम

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**अलीगढ़।** जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने जिले के समस्त परिषदीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण एवं अनुशासित शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि 1 जुलाई से सभी परिषदीय विद्यालय पूर्ण रूप से संचालित हो चुके हैं। ऐसे में प्रत्येक शिक्षक एवं शिक्षिका समय से विद्यालय पहुंचकर पूरी निष्ठा, जिम्मेदारी एवं समर्पण के साथ शिक्षण कार्य संपादित करें।जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा ऑपरेशन कायाकल्प के माध्यम से परिषदीय विद्यालयों के भवन, कक्षाओं, पेयजल, शौचालय, विद्युत, फर्नीचर, स्मार्ट शिक्षण संसाधनों एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं में अभूतपूर्व सुधार किया गया है। वर्तमान में अधिकांश विद्यालय पहले की अपेक्षा कहीं अधिक आकर्षक, सुरक्षित एवं उत्कृष्ट वातावरण वाले बन चुके हैं। ऐसे में यह सुनिश्चित किया जाए कि विद्यालयों के बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर के अनुरूप बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भी प्राप्त हो। सरकार की मंशा के अनुरूप विद्यालयों की बदली तस्वीर अब बच्चों के बेहतर भविष्य में भी दिखाई देनी चाहिए।उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक कुमार को निर्देशित किया कि जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों, प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं तक शासन की मंशा स्पष्ट रूप से पहुंचाई जाए और विद्यालयों में नियमित निरीक्षण एवं प्रभावी अनुश्रवण कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य सुनिश्चित कराया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा शैक्षणिक शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक कुमार ने भी सभी प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों को निर्देशित किया है कि विद्यालय खुलने से लेकर अवकाश तक प्रत्येक शिक्षक पूरी गंभीरता एवं मनोयोग से कक्षाओं का संचालन करें। पाठ्यक्रम के अनुरूप नियमित शिक्षण, विद्यार्थियों की अधिगम क्षमता का सतत मूल्यांकन, टीएलएम का प्रभावी उपयोग और नवाचार आधारित शिक्षण को प्राथमिकता दी जाए, जिससे प्रत्येक छात्र-छात्रा सीखने की प्रक्रिया से सक्रिय रूप से जुड़ सके। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक अपने विद्यालय के नामांकित एवं संभावित विद्यार्थियों के अभिभावकों से नियमित संपर्क बनाए रखें और यह सुनिश्चित करें कि जिले का कोई भी बच्चा विद्यालय में नामांकन एवं नियमित उपस्थिति से वंचित न रहे। ड्रॉपआउट एवं अनुपस्थित बच्चों की पहचान कर उन्हें पुनः विद्यालय से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं।बीएसए ने निर्देश दिए कि विद्यालयों में समयपालन, स्वच्छता, प्रार्थना सभा, मध्याह्न भोजन, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति और समस्त शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन शासन की मंशा एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जाए। विद्यालय परिसर में शिक्षक-शिक्षिकाएं पूर्ण रूप से शिक्षण कार्य पर ध्यान केंद्रित करें और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रेरक एवं अनुशासित शैक्षणिक वातावरण तैयार करें।जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने कहा कि सरकार ने परिषदीय विद्यालयों को आधुनिक एवं सुविधासंपन्न बनाने में व्यापक निवेश किया है। अब शिक्षकों का दायित्व है कि वे उसी स्तर की उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान कर बच्चों के भविष्य को सशक्त बनाएं। प्रत्येक विद्यालय में अनुशासन, नियमित उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण एवं बेहतर सीखने के परिणाम सुनिश्चित किए जाएं। इस संबंध में नियमित समीक्षा एवं निरीक्षण किया जाएगा और लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी।

## पैमाइश प्रक्रिया के दौरान निर्माण कार्य किया प्रारंभ

**किशनी/मैनपुरी।** थाना क्षेत्र के गांव ढकरोई निवासी नरेंद्र कुमार पुत्र विनोद बिहारी त्रिवेदी ने एसडीएम गोपाल शर्मा से शिकायत की कि उनके भूखंड गाटा संख्या 1288 पर नामजदों ने अवैध कब्जा किया हुआ है। इसके लिए उन्होंने तहसील दिवस में जिलाधिकारी से शिकायत की थी। उनके आदेश पर दो बार लेखपाल पैमाइश के लिए भी गए, पर विपक्षीगण मौजूद नहीं मिले। उन्होंने आरोप लगाया की शुक्रवार की रात नामजदों ने गाटा संख्या 1288 पर स्थाई कब्जा करने के लिए ईंटें डलवा दी और निहास खोदनी शुरू कर दी। उन्होंने एसडीम गोपाल शर्मा से शिकायत कर मदद मांगी। एसडीएम ने पुलिस को आदेश दिया कि जब तक उक्त भूखंड की पैमाइश नहीं हो जाती है तब तक उस जगह पर कोई भी पक्ष निर्माण कार्य नहीं करेगा।

**खड़ी साइकिल में बाइक सवार ने मारी टक्कर**

बिछवां/मैनपुरी। थाना क्षेत्र के गांव नगला बिहारी में एक बाइक सवार युवक ने खड़े साइकिल सवार युवक के टक्कर मार दी मामले की तहरीर युवक की मां ने थाना पुलिस को दी है तहरीर के आधार पर पुलिस मामले में छानबीन कर रही है थाना क्षेत्र के गांव नगला बिहारी निवासी पुष्पा देवी पत्नी हवलदार ने थाने में तहरीर देते हुए बताया बीते शनिवार को सात बजे के करीब बिना किसी बात के गांव निवासी आनंद पुत्र सुसेंद्र ने अपनी मोटर साइकिल से पीड़िता के पुत्र नीतेश की खड़ी साइकिल के टक्कर मार दी मामले की तहरीर पीड़िता ने थाना पुलिस को दी है पुलिस ने तहरीर लेके मामले में छानबीन शुरू कर दी है।

# निर्माणाधीन कस्तूरबा विद्यालय की खुदाई से किसान का मकान ढहा, लाखों का नुकसान

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**आगरा।** मलपुरा थाना क्षेत्र के गांव जारुआ कटरा में शनिवार तड़के निमार्णाधीन कस्तूरबा विद्यालय की नींव की खुदाई के दौरान कथित लापरवाही से एक किसान का चार कमरों का मकान भरभराकर गिर गया। हादसे में मकान में रखा भूसा, गेहूं, घरेलू सामान और अन्य सामग्री मलबे में दब गई। गनीमत रही कि घटना के समय परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित बाहर निकल आए, जिससे बड़ा हादसा टल गया। गांव निवासी किसान पोप सिंह पुत्र श्यामोली ने बताया कि उन्होंने करीब पांच वर्ष पहले कर्ज लेकर अपने परिवार के रहने के लिए चार कमरों का मकान बनवाया था। वह पत्नी, बच्चों और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ इसी मकान में रहते हैं तथा पशुपालन और दूध बेचकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं।

किसान का आरोप है कि उनके मकान के पीछे सरकार की ओर से कस्तूरबा विद्यालय का निर्माण कार्य चल रहा है। विद्यालय की नींव की खुदाई के दौरान ठेकेदार ने सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया और गहरी खुदाई कर दी। इसी लापरवाही के कारण मकान की नींव कमजोर हो गई और शनिवार तड़के तेज आवाज के साथ पूरा मकान भरभराकर ढह गया। हादसे में करीब 200 मन भूसा, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग एक लाख रुपये बताई जा रही है, मलबे में दब गया। इसके अलावा लगभग 20 कुंतल गेहूं, गैस सिलेंडर, घरेलू सामान, फर्नीचर और अन्य जरूरी वस्तुएं भी क्षतिग्रस्त हो गईं। पीड़ित किसान के अनुसार उसे लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है।

मकान गिरने के बाद परिवार के सामने रहने और रोजमर्रा की जरूरतों का संकट खड़ा हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और मलबा हटाने में मदद की। गांव में घटना को लेकर आक्रोश का माहौल है। पीड़ित किसान पोप सिंह ने निर्माण कार्य करा रहे ठेकेदार पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रशासन से निष्पक्ष जांच कराने, दोषी ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने तथा हुए नुकसान का उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। फिलहाल मामले की जानकारी संबंधित अधिकारियों को दे दी गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन किया जाता, तो किसान का आशियाना उजड़ने से बच सकता था। अब सभी की निगाहें प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं।

## स्त्री शक्ति समृद्धि के अवसर पर जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

**मॉर्निंग सिटी संवाददाता अलीगढ़।** जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशन में शनिवार को महिलाओं के अधिकारों के सम्बन्ध में स्त्री शक्ति समृद्धि के अवसर पर जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर में मौजूद महिलाएँ एवं आमजनमानस को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीमती साक्षी गर्ग द्वारा महिलाओं की शक्ति, अधिकार, सम्मान एवं सामाजिकता के बारे में अवगत कराया गया एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलीगढ़ के माध्यम से किस प्रकार उनको लाभान्वित किया जा सकता है उसके बारे में भी विस्तार से अवगत कराया गया ।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव जिला कारागार का निरीक्षण भी किया गया। कारागार में निरूद्ध विचाराधीन बन्दियों से मुलाकात की गयी। इस दौरान कारागार में निरूद्ध विचाराधीन बन्दियों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध करायी गयी। किनकी जमानत न्यायालय से स्वीकृत हो गयी है और किनकी जमानत न्यायालय से स्वीकृत नहीं हो पायी है, इस सम्बन्ध में भी बन्दियों से बातचीत की गयी। जिला कारागार में बन्दियों के पाकशाला, चिकित्सालय एवं बैरकों का भी निरीक्षण किया गया एवं बन्दियों से उनके स्वास्थ्य से सम्बन्धित हालचाल लेने के साथ ही किसी भी बन्दी के पास अपने सम्बन्धित मुकदमें की पैरवी करने हेतु अधिवक्ता न होने पर उसे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, की ओर से निःशुल्क अधिवक्ता की सुविधा उपलब्ध कराने की जानकारी दी गई ।इस अवसर पर जेलर, डिप्टी जेलर, चीफ/डिप्टी चीफ, एल.ए.डी.सी.एस. एवं राहुल कुमार, डाटा एन्ट्री आपरेटर, डीएलएस उपस्थित रहे।

## सोलर इंडस्ट्री एसोसिएशन ने नवनियुक्त अधीक्षण अभियंता से की शिष्टाचार भेंट, सोलर परियोजनाओं की समस्याओं पर हुई चर्चा

**मॉर्निंग सिटी संवाददाता अलीगढ़।** अलीगढ़ सोलर इंडस्ट्री एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने शनिवार को विद्युत विभाग के नवनियुक्त अधीक्षण अभियंता अंशुमान यादव से शिष्टाचार भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान एसोसिएशन ने जिले में तेजी से बढ़ रही रूफटॉप सोलर परियोजनाओं के संचालन और स्थापना में आ रही विभिन्न विभागीय समस्याओं को प्रमुखता से उठाया तथा उनके शीघ्र समाधान की मांग की ।प्रतिनिधिमंडल ने अधीक्षण अभियंता को बताया कि सोलर उपभोक्ताओं और विक्रेताओं को इंडेंट लेटर जारी होने में अनावश्यक देरी, मीटर कन्वर्जन प्रक्रिया में विलंब, थ्री-फेज मीटर की उपलब्धता की कमी तथा नेट मीटरिंग के दौरान अतिरिक्त उत्पादित बिजली की यूनिटों का समुचित समायोजन (एडजस्टमेंट) न होने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इन कारणों से सोलर परियोजनाओं की गति प्रभावित हो रही है और उपभोक्ताओं को परेशानी झेलनी पड़ रही है ।एसोसिएशन ने मांग की कि इन विभागीय प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाया जाए, जिससे सरकार की सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने की योजनाओं को भी गति मिल सके ।इस पर अधीक्षण अभियंता अंशुमान यादव ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि विभाग उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए गंभीर है और सभी प्रक्रियाओं को अधिक सरल एवं समयबद्ध बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सोलर ऊर्जा को बढ़ावा देना विभाग की प्राथमिकता है और उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने का हर संभव प्रयास किया जाएगा ।बैठक के बाद एसोसिएशन ने अधिशासी अभियंता पंकज तिवारी के मथुरा स्थानांतरण पर उन्हें भावभीनी विदाई दी। पदाधिकारियों ने उनके कार्यकाल के दौरान मिले सहयोग और सकारात्मक कार्यशैली की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।इस अवसर पर एसोसिएशन के संरक्षक मनीष सिंह, अध्यक्ष अमित शर्मा, सचिव ज्ञानेंद्र मिश्रा, कोषाध्यक्ष उपेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष सुधीर कुमार, सदस्य शीलेन्द्र कुमार, अंकित गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## उधारी मांगने पर ग्राम प्रधान ने साथियों संग युवक को पीटा

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**भोगांव/मैनपुरी।** उधारी के रुपए मांगने पर ग्राम प्रधान ने अपने साथियो के साथ मिलकर युवक की जमकर पिटाई कर दी जिससे युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना की तहरीर पुलिस को दिए जाने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के ग्राम महानन्दपुर धुविया निवासी कुलदीप पुत्र प्रेम सिंह ने अपनी भैस विगत 14 जून को थाना क्षेत्र के ग्राम परतापुर निवासी ग्राम प्रधान ओविन्द उर्फ भोला यादव के पुत्र सीटू यादव को एक लाख तीस हजार रुपए मे बेची थी, जिसमे 20 हजार रुपए आरोपी ने नकद दिये थे तथा एक लाख दस हजार रुपए बीस दिन बाद देने को कहा था। शनिवार को कुलदीप अपने रुपए मांगने गया तो उसे सीटू व उसके पिता ओविन्द उर्फ भोला प्रधान व लालू ने गाली गलौज करने लगे, मना करने पर लाठी डन्डो से जमकर पिटाई कर दी जिससे बह गम्भीर रूप से घायल हो गयां। पीडित कुलदीप ने बताया कि आरोपी दवंग प्रधान है और आये दिन बह अपनी गुण्डागर्दी के बल पर लोगो को परेशान करता है।

## दुकान से समान लेने गए किशोर के साथ मारपीट, मुकदमा

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**किशनी/मैनपुरी।** थाना क्षेत्र में दुकान के अंदर खींच के किशोर के साथ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो सगे भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कुसमरा निवासी ऋतिक पुत्र पवन तिवारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 2 जुलाई को वह नगर के जयकुमार गुप्ता की दुकान पर आवश्यक कार्य से गया था। आरोप है कि उसी दौरान दुकान में मौजूद हरी गुप्ता और राज गुप्ता ने उसे जातिसूचक शब्दों से अपमानित करते हुए जमीन पर बैठने की कहकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर दोनों ने उसे पकड़कर दुकान के अंदर खींच लिया और मारपीट की तथा उनकी समूची बिरदारीबालों के मुंह मे पेशाब करने की धमकी दी। पीड़ित का आरोप है कि शोर सुनकर उसके पिता पवन तिवारी मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी अभद्रता और गाली-गलौज की। साथ ही दोबारा दुकान पर आने पर जान से मारने की धमकी भी दी। थाना पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# राज्यपाल के आगमन की तैयारियां अंतिम चरण में, डीएम-एसएसपी ने किया आरएमपीएसयू का निरीक्षण

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अलीगढ़ आगमन एवं राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह के दृष्टिगत जिला मजिस्ट्रेट अविनाश कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने शनिवार को विश्वविद्यालय परिसर का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। अधिकारियों ने समारोह स्थल पर व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन करते हुए सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जिला मजिस्ट्रेट ने विश्वविद्यालय के एकेडमिक हॉल में कुलपति एवं रजिस्ट्रार के साथ बैठक कर दीक्षांत समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। रजिस्ट्रार प्रबुद्ध सिंह ने बताया कि तृतीय दीक्षांत समारोह का मुख्य आयोजन विश्वविद्यालय के लाइब्रेरी ऑडिटोरियम में हो रहा है, जहां महामहिम राज्यपाल मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगी।उन्होंने बताया कि समारोह के दौरान विभिन्न संकायों के मेधावी एवं शीर्ष स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को महामहिम राज्यपाल द्वारा स्वर्ण पदक एवं सम्मान प्रदान किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त छात्राओं में एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान की प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की जाएगी और आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए खेल किट्स का भी वितरण किया जाएगा।जिला मजिस्ट्रेट ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सुरक्षा, यातायात, प्रोटोकॉल, साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत, बैठक व्यवस्था एवं अन्य सभी व्यवस्थाओं को पूरी सतर्कता एवं समन्वय के साथ समय से पूर्ण किया जाए, ताकि राज्यपाल के आगमन एवं दीक्षांत समारोह का आयोजन गरिमामय, सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

## आधा दर्जन से अधिक पुलिस कर्मी गैर जनपद स्थानान्तरित

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**भोगांव/मैनपुरी।** थाना कोतवाली मे लम्बे समय से तैनात रहे आधा दर्जन पुलिस कर्मियो को गैर जनपद स्थानान्तरण होने पर थाना प्रभारी निरीक्षक सहित साथी पुलिस कर्मियो ने उन्हें विदा किया। थाना कोतवाली मे तैनात रहे कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रशान्त कुमार, आरक्षी सुलेमान, महेश, जयवीर सिंह, सत्यवती, पीपी सिंह, अशोक कुमार, प्रताप सिंह का विगत दिनो गैर जनपद स्थानान्तरण हो गया था, विगत दिवस थाना प्रभारी निरीक्षक महाराज सिंह भाटी, उपनिरीक्षक जयदीप कुमार, मोनिका चैधरी, पहुप सिंह, मनीष कुमार, विजय कुमार, पंकज सिंह, नरेन्द्र कुमार सत्यप्रकाश सहित साथी पुलिसकर्मियो ने स्थानान्तरित हुये पुलिस कर्मियो को फूलमालाओ से लादकर एंव मिष्ठान खिलाकर विदा किया।




## सीडीओ का पीएम श्री विद्यालयों पर औचक निरीक्षण सफाई और पेयजल व्यवस्था पर जताई नाराजगी

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**आगरा।** मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) ने शनिवार को विकास खंड एत्मादपुर स्थित पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय मुखबार एवं पीएम श्री विद्यालय खेड़ी अड्डु का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में छात्र उपस्थिति, शिक्षकों की मौजूदगी, साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था और पीएम श्री योजना के तहत खर्च की गई धनराशि की समीक्षा की गई। इस दौरान कई कमियां मिलने पर संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए। सीडीओ ने सबसे पहले पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय मुखबार का निरीक्षण किया। यहां 169 पंजीकृत छात्रों के सापेक्ष 105 छात्र ही उपस्थित मिले। विद्यालय में 9 शिक्षक तैनात हैं। निरीक्षण के दौरान शिक्षिका शालिनी पचौरी और शिक्षामित्र दीपमाला अवकाश पर मिलीं, जबकि सहायक अध्यापक सोमवीर सिंह अनुपस्थित पाए गए। प्रधानाध्यापक ने बताया कि सोमवीर सिंह मई 2018 से विद्यालय नहीं आ रहे हैं और उनके विरुद्ध सेवा समाप्ति की कार्रवाई प्रचलित है। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर और शौचालयों की साफ-सफाई संतोषजनक नहीं मिली। इस पर सीडीओ ने ग्राम पंचायत सचिव एवं सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को नियमित रूप से विद्यालय परिसर और शौचालयों की सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। विद्यालय में आरओ प्लांट भी बंद मिला। इस पर सीडीओ ने उसे तत्काल ठीक कराकर विद्यार्थियों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके बाद सीडीओ ने पीएम श्री विद्यालय खेड़ी अड्डु का भी निरीक्षण किया। यहां भी पेयजल और साफ-सफाई व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए गए। उन्होंने विद्यालय प्रशासन को छात्रों के लिए मूलभूत सुविधाएं बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा। निरीक्षण के दौरान दोनों विद्यालयों में पीएम श्री योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि के उपयोग की भी समीक्षा की गई।

## एआईसे बदलेगी अलीगढ़ की ट्रैफिक व्यवस्था, जाम पर लगेगी लगाम, उत्तर प्रदेश का पहला स्मार्ट ट्रैफिक नगर निगम बनने की ओर शहर



**मॉर्निंग सिटी संवाददाता अलीगढ़।** शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को आधुनिक और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। अब अलीगढ़ की सड़कों पर ट्रैफिक संचालन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई की मदद से किया जाएगा। जिलाधिकारी अविनाश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन और नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (ख्ब्ब्) में एआई आधारित स्मार्ट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम की समीक्षा करते हुए इसे जल्द शहर के प्रमुख चैराहों पर लागू करने के निर्देश दिए। नई व्यवस्था के तहत शहर के प्रमुख चैराहों पर हाई-रेजोल्यूशन एआई कैमरे लगाए जा रहे हैं, जो हर दिशा में वाहनों की संख्या का वास्तविक समय में विश्लेषण करेंगे। इसके आधार पर ट्रैफिक सिग्नल अपने आप रेड और ग्रीन होने का समय तय करेंगे। इससे जहां अनावश्यक रेड सिग्नल पर इंतजार खत्म होगा, वहीं ट्रैफिक का दबाव भी तेजी से कम किया जा सकेगा ।प्रशासन के अनुसार इस स्मार्ट तकनीक का पहला चरण एएमयू सर्किल पर लागू किया जा चुका है। वहीं सूतमिल चैराहे पर ऑटोमैटिक अनाउंसमेंट सिस्टम और स्मार्ट ट्रैफिक कंट्रोल का सफल परीक्षण किया गया, जिसके बाद यहां पहले लगने वाला 15 से 20 मिनट का जाम घटकर मात्र 2 से 3 मिनट रह गया। इस सफलता के बाद प्रशासन पूरे शहर में इस मॉडल को लागू करने की तैयारी में जुट गया है ।अगले चरण में मैरिस रोड, रामघाट रोड, केला नगर, सासनी गेट समेत अन्य प्रमुख चैराहों पर भी एआई आधारित स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम स्थापित किया जाएगा। सभी कैमरे सीधे इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से जुड़े होंगे, जहां से ट्रैफिक की लाइव मॉनिटरिंग की जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर तुरंत सिग्नल टाइमिंग में बदलाव किया जा सकेगा ।अधिकारियों का कहना है कि इस तकनीक के लागू होने से न केवल ट्रैफिक जाम में उल्लेखनीय कमी आएगी, बल्कि ईंधन की बचत, समय की बचत, सड़क दुर्घटनाओं में कमी और प्रदूषण नियंत्रण में भी मदद मिलेगी। भविष्य में इस सिस्टम को ई-चालान, ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन की पहचान और आपातकालीन वाहनों को प्राथमिकता देने जैसी सुविधाओं से भी जोड़ा जाएगा ।यदि यह परियोजना पूरी तरह सफल होती है, तो अलीगढ़ उत्तर प्रदेश का पहला ऐसा नगर निगम बनने की ओर अग्रसर होगा, जहां एआई आधारित स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम व्यापक स्तर पर लागू होगा। इससे शहर की यातायात व्यवस्था आधुनिक, तेज, सुरक्षित और तकनीक आधारित बनेगी।

## पहली बारिश में तालाब बना प्राथमिक विद्यालय पानी में चलकर स्कूल पहुंचने को मजबूर मासूम



मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**टूंडला।** क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदाबाद स्थित प्राथमिक विद्यालय में पहली ही बारिश ने व्यवस्थाओं की पोल खोल दी ।विद्यालय परिसर में भारी जलभराव होने से पूरा स्कूल तालाब जैसा नजर आने लगा। हालात ऐसे हैं कि मासूम बच्चों को पानी के बीच से होकर कक्षाओं तक पहुंचना पड़ रहा है।

विद्यालय में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश का पानी लंबे समय तक भरा रहता है ।इससे विद्यालय परिसर में गंदगी फैल रही है और बच्चों के स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा रहा है ।अभिभावकों का कहना है कि ऐसे माहौल में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने के साथ-साथ संक्रामक बीमारियों का भी डर बना हुआ है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मिथलेश कुमारी ने बताया कि विद्यालय से पानी की निकासी के लिए दो स्थान बनाए गए हैं, लेकिन उनमें कूड़ा फंस जाने के कारण पानी धीरे-धीरे निकल रहा है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि निकासी मार्ग साफ होने के बाद जलभराव की समस्या समाप्त हो जाएगी ।स्थानीय लोगों ने प्रशासन और शिक्षा विभाग से विद्यालय परिसर में जल निकासी की स्थायी व्यवस्था कराने की मांग की है, ताकि बरसात के दिनों में बच्चों को इस तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े और वे सुरक्षित वातावरण में शिक्षा ग्रहण कर सकें।

## औंछा की टीम को हराकर ज्योंती सेमीफाइनल में पहुंची

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**औंछा/मैनपुरी।** ज्योंती खुड़िया नगर के वीरेंद्र भारती इंटर कॉलेज के मैदान पर अर्चना गुप्ता क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को खेले गए एकतरफा मुकाबले में ज्योंती क्रिकेट क्लब और औंछा क्रिकेट क्लब को 109 रनों के बड़े अंतर से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ज्योंती क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवर में आठ विकेट खोकर 142 रन बनाए। बल्लेबाज अजय यादव ने सर्वाधिक 34, प्रशांत प्रताप ने 30 और अमन यादव ने 18 रनों की पारी खेली। औंछा क्रिकेट क्लब के सचिन ने चार और नवीन गुप्ता ने दो विकेट लिए। जीत के लिए लक्ष्य का पीछा करने उतरी औंछा क्रिकेट क्लब की टीम ज्योंती की शानदार गेंदबाजी के आगे टिक नहीं सकी। औंछा की पूरी टीम 8.2 ओवर में महज 36 रनों पर सिमट गई। शीतू ने नाबाद 15 और छोटू ने 10 रन बनाए। अन्य कोई बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सका। ज्योंती के अभिषेक शाक्य ने पांच, समीर और दीपक ने दो-दो विकेट लिए। ज्योंती क्लब के अभिषेक शाक्य को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया। मैच में अंपायरिंग अभिषेक गुप्ता और प्रशांत यादव, स्कोरिंग अभिषेक ने की। कमेंट्री रजत शाक्य ने की। इस दौरान प्रदीप कुमार, श्रवण गुप्ता, पंकज गुप्ता, सागर गुप्ता, आकाश सगर आदि मौजूद रहे।

## युवती को बहला फुसलाकर अपने संग ले गया नामजद

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**किशनी/मैनपुरी।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी 18 वर्षीय बेटी 30 जनवरी की सुबह 4:30 बजे भैंस का गोबर और घूरा डालने के लिए घर से बाहर सामने गई हुई थी। वहां पर पहले से ही तैयार बैठा दीपक पुत्र राम दत्त तथा राजाबाबू पुत्र रघुनन्दन तथा उसके साथ योगराज पुत्र हुकुम सिंह निवासी ग्राम बनकटी थाना बसरेहर जनपद इटावा तथा दो अन्य लोग भी थे उन्होंने उनकी बेटी को बुलाया और बहला फुसलाकर गाड़ी में बिठाकर ले गए। उन्होंने अपनी छत से यह सब देखा और चिल्लाकर विरोध भी किया परंतु वह लोग उन्हें और उनके परिवार को यह धमकी देकर ले गए कि अगर कोई कानूनी कार्रवाई की तो उनकी बेटी को जान से मार देंगे। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि उनकी बेटी के साथ कभी भी कोई अनहोनी घटना हो सकती है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने तीन नामजद दो अज्ञात के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज कर ली है।

## पुरानी रंजिश मे युवक को पीटा

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**भोगांव/मैनपुरी।** पुरानी रंजिश को लेकर दवंगो ने एक युवक को लाठी डन्डो से मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की रिपोर्ट पुलिस ने दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के ग्राम रकरा निवासी शिवकुमार पुत्र राजेन्द्र सिंह गत दिवस गांव मे स्थित दुकान से सब्जी लेने गया था तभी पुरानी रंजिश को लेकर सदर कोतवाली के करहल रोड यादव नगर निवासी राजा पुत्र प्रेमकुमार, आयरन, किशन ने आकर गाली गलौज करने लगे, मना करने पर लाठी डन्डो से मारपीट कर घायल कर दिया।

## भोजगढ़ी में श्रीमद्भागवत कथा का समापन सप्ताह भर इगलास के आचार्य मुकेश शास्त्री ने सुनाईं श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाएं

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**हाथरस।** गांव भोजगढ़ी में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में कथा के सातवें दिन श्रद्धा और आस्था व्यास आचार्य पंडित मुकेश शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का भावपूर्ण एवं विस्तारपूर्वक वर्णन कर उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा के दौरान आचार्य ने पूतना उद्धार का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि राक्षसी पूतना ने बालक कृष्ण को विषपान कराने का प्रयास किया, लेकिन भगवान ने उसका उद्धार कर उसे मोक्ष प्रदान किया। तृणावर्त वध प्रसंग में उन्होंने बताया कि किस प्रकार बवंडर रूपी असुर का अंत कर भगवान ने अपनी शक्ति का परिचय दिया। उन्होंने माखन चोरी की लीलाओं का भी वर्णन किया। ब्रह्मा जी और श्रीकृष्ण संवाद तथा ब्रह्मा द्वारा ग्वाल-बाल और गायों का हरण प्रसंग में आचार्य ने समझाया कि स्वयं ब्रह्मा भी भगवान की माया को नहीं समझ सके और अंततः उन्होंने श्रीकृष्ण की महिमा को स्वीकार किया। कालिया नाग मर्दन में भगवान ने विषैले नाग के अहंकार का नाश कर यमुना को विषमुक्त किया। इंद्र के मान मर्दन और गोवर्धन पूजा के प्रसंग में भगवान ने अहंकार को त्याग कर प्रकृति और गौ सेवा के महत्व का संदेश दिया। आचार्य ने कहा कि श्रीकृष्ण की प्रत्येक लीला मानव जीवन को धर्म, प्रेम और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। इस अवसर पर आचार्य लोकेश शर्मा, परीक्षित आनंद शर्मा, शालिनी शर्मा, अरुण शर्मा, माया शर्मा, बबलू शर्मा, कुशमा शर्मा, शशिवाला शर्मा, दिव्यांशी शर्मा, दुर्गा शर्मा, अभिषेक शर्मा, शिव कुमार शर्मा, कौशल शर्मा, मोनी शर्मा एवं भुवनेश कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में भोजगढ़ी पथवारी मंदिर कमेटी द्वारा कथा व्यास पंडित मुकेश शास्त्री, आचार्य लोकेश कुमार शर्मा एवं अन्य परीक्षितों का पटका पहनाकर एवं स्मृति चित्र भेंट कर सम्मान किया गया।

## ई-रजिस्ट्रीकरण के विरोध में चल रहा धरना स्थगित, छह जुलाई से काम पर लौटेंगे वकील

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** ह्यदि बार एसोसिएशन, सासनीह्न की एक आवश्यक बैठक शनिवार को महिपाल सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता में धरना स्थल पर आयोजित की गई। शनिवार को आहूत बैठक में पिछले कई दिनों से ई-रजिस्ट्रीकरण के विरोध में चल रहे धरना प्रदर्शन और कार्य बहिष्कार को स्थगित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि ए.आई.जी. स्टैम्प हाथरस और उपनिबंधक सासनी, श्रीमती नीतू गोला द्वारा शासन के इस ई-रजिस्ट्रीकरण आदेश को वापस लेने का भरोसा दिलाया गया है। उन्होंने धरना स्थल पर पहुंचकर वकीलों से अपना धरना प्रदर्शन और हड़ताल वापस लेने का विशेष आग्रह किया।अधिकारियों के इस आश्वासन के बाद बार एसोसिएशन ने सर्वसम्मति से वर्तमान धरना प्रदर्शन और हड़ताल को स्थगित करने का प्रस्ताव पारित किया। प्रस्ताव के अनुसार, आगामी 06 जुलाई 2026 से सभी अधिवक्ता न्यायालय परिसरों में अपना कार्य सुचारू रूप से शुरू कर देंगे। इसकी सूचना संबंधित न्यायालयों को भी भेज दी गई है। बैठक के बाद इस निर्णय की प्रतिलिपि उपजिलाधिकारी (न्यायिक) सासनी, तहसीलदार सासनी, उपनिबंधक कार्यालय सासनी और स्थानीय समाचार पत्रों को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की गई है।

## राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा का कार्यकर्ता परिचय सम्मेलन आयोजित

### 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर जोर, संगठन विस्तार का आह्वान

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**हाथरस।** राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा (आरएएम) पार्टी की ओर से अलीगढ़ रोड स्थित कृपाराम कोठीवाल धर्मशाला में कार्यकर्ता परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संगठन विस्तार, आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों तथा कार्यकताओं की भूमिका पर चर्चा की गई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रजक्षेत्र प्रभारी मनोज शर्मा रहे, जबकि अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विजय कुमार शर्मा ने की। संचालन महासचिव एवं हाथरस प्रभारी निशांत उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं रामचंद्र के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई।सम्मेलन को संबोधित करते हुए बरेली जिलाध्यक्ष आरेन्द्र मिश्रा ने पार्टी की नीतियों और संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में सभी 403 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारने की तैयारी कर रहा है। उन्होंने कार्यकताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का आह्वान किया।बरेली मंडल अध्यक्ष सचिन शर्मा ने भी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती और चुनावी तैयारियों पर जोर दिया। कार्यक्रम में संस्थापक सदस्य केशव शंकर तथा रजत मिश्रा ने भी अपने विचार रखे।सम्मेलन के दौरान हाथरस जनपद के पदाधिकारियों एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रतिनिधियों ने अपना परिचय दिया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ने उपस्थित पत्रकारों को सम्मानित किया। जिलाध्यक्ष विजय कुमार शर्मा ने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों, कार्यकताओं एवं पत्रकारों का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर दीनदयाल शर्मा, प्रदीप शर्मा, रेखा राणा, पूनम शर्मा, प्राची उपाध्याय, कालू पंडित, सौरभ पराशर, अभिषेक पाठक, हर्षवर्धन द्विवेदी, अतुल पंडित, भोला पंडित, शुभम अग्निहोत्री, सौरभ गौतम, कृष्ण सिंह, देवेंद्र ठाकरे, ललित शर्मा, कपिल शर्मा, विपिन कुमार, यश पचौरी सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और सदस्य उपस्थित रहे।

## सासनी में सड़क हादसे में युवक की मौत

**मोर्निंग सिटी संवाददाता हाथरस।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार तड़के हुए एक सड़क दुर्घटना में युवक की मौत हो गई। बाइक पर सवार दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम परिजनों को सौंप दिया, जिसका परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। शनिवार को मिली जानकारी के अनुसार चावड़ मोहल्ला निवासी 30 वर्षीय विजेंद्र उर्फ विक्की शनिवार सुबह करीब साढे तीन बजे अपने 11 वर्षीय भतीजे कुनाल और 12 वर्षीय भांजी राधिका के साथ बाइक पर निकले थे। आगरा-अलीगढ़ मार्ग स्थित शनि देव मंदिर के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिससे तीनों सडक पर गिरकर घायल हो गये। घटना की जानकारी होने पर राहगीरों की भीड जुट गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची सासनी पुलिस और ऐंबुलेंस 108 भी मदद से तीनों घायलों को सासनी सीएचसी ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने विजेंद्र को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल कुनाल और राधिका को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए अलीगढ़ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है, परिजनों के अनुसार आज मृतक के ताऊ के बेटे अशोक की शादी थी। विजेंद्र अपने परिवार में दो बहनों के बीच इकलौता अविवाहित भाई था। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया, जिसके बाद दोपहर में परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया।

## टैंपो ने कार में मारी टक्कर, फिर दोनों चालकों में हुई मारपीट

**मोर्निंग सिटी संवाददाता हाथरस।** आगरा अलीगढ राजमार्ग पर गंदे नाले के निकट एक तेज रफ्तार टेम्पू ने सामने से आ रही कार में टक्कर मार दी। जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इकसे बाद दोनों वाहनो के चालक आपस में भिड़ गये। बाद में मौके पर पहुंचे सभ्रांत लोगों ने मामले को शांत कराया। शनिवार को मिली जानकारी के अनुसार कार सवार व्यक्ति अपनी दिशा में जा रहा था, तभी नाले के पास गलत दिशा से आए टैंपों चालक ने नियंत्रण खो दिया और सामने आ रही कार में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के तुरंत बाद मामला गरमा गया, कार क्षतिग्रस्त होने से आक्रोशित कार चालक की टैंपो चालक से तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। देखते ही देखते दोनों चालकों के बीच लात घूंसे चलना शुरू हो गया। यह देख लोगों की भीड जुट गई। तभी मौके पर पहुंचे राहगीरों और आसपास के दुकानदारों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराने का प्रयास किया। इस दौरान कुछ समय के लिए राजमार्ग बाधित हो गया। उधर लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई है, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत



मोर्निंग सिटी संवाददाता हाथरस। आगरा-अलीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित भगवान शनिदेव मंदिर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। जिसका शव सुबह तक घटनास्थल पर लोगों ने देखा तो भीड जुट गई। लोगों ने मृतक की पहचान मोहल्ला चामण निवासी विक्की कुशवाहा पुत्र नरेंद्र कुशवाहा के रूप में की। शनिवार को घटना की जानकारी होने पर परिजन और इलाका पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। साथ ही विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना को लेकर पुलिस पुलिस घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। वहीं प्रभारी निरीक्षक श्रीमती विपिन चैधरी के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद जल्द ही टक्कर मारने वाले वाहन और हादसे के सही कारणों का पता लगा लिया जाएगा। फिलहाल शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## सिविल न्यायालय परिसर में किया गया वन महोत्सव का आयोजन



**मोर्निंग सिटी संवाददाता हाथरस।** न्यायालय सिविल कोर्ट सिकंदराराऊ परिसर में वन विभाग द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर सिविल जज क.प्र. दीपा सैनी द्वारा वन महोत्सव के अवसर पर पीपल, पाखड़, नीम, अमरूद आदि पौधों का रोपण किया गया । कार्यक्रम में क्षेत्रीय वन अधिकारी सिकंद्राराऊ संजीव कुमार , सेक्सन प्रभारी अलीहसन, सर्वेश कुमार , बीट प्रभारी श्रीचंद, नीरज, विनय कुमार, पूनम, जयप्रकाश, महेंद्र, वीरभान, रमेश आदि उपस्थित रहे।

## विधुर-विधवा एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष मिलन कार्यक्रम आज

**मोर्निंग सिटी संवाददाता हाथरस।** आर्य समाज मुरसान द्वार में रविवार, 5 जुलाई को सुबह 8 बजे विधुर, विधवा एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के जीवन में सकारात्मकता, आत्मीयता और सामाजिक जुड़ाव बढ़ाना है।कार्यक्रम में सामूहिक वैदिक हवन, भारतीय संस्कृति एवं वैदिक ज्ञान पर चर्चा, सुख-दुख साझा करने तथा सामान्य विचार-विमर्श का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों का कहना है कि यह पहल वरिष्ठ नागरिकों को एक नया सामाजिक मंच प्रदान करने और उनके जीवन में नई ऊर्जा का संचार करने के उद्देश्य से की जा रही है।आयोजकों ने समाज के लोगों से अपील की है कि वे कार्यक्रम में शामिल होकर वरिष्ठ नागरिकों के साथ कुछ समय बिताएं और उन्हें अपनापन व सम्मान का एहसास कराएं।

## समाधान समारोह-2026 के तहत अगस्त में लगेगी विशेष लोक अदालत

**मोर्निंग सिटी संवाददाता हाथरस।** सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर ह्यसमाधान समारोह-2026ह्न के अंतर्गत 21, 22 और 23 अगस्त को विशेष लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इसका उद्देश्य आपसी सहमति से मामलों का त्वरित और सौहार्दपूर्ण निस्तारण करना है।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अनु चौधरी ने बताया कि इस अभियान में सर्वोच्च न्यायालय में लंबित ऐसे मामलों का निस्तारण किया जाएगा, जिनमें समझौते की संभावना है। पक्षकारों को सस्ता, सरल और शीघ्र न्याय उपलब्ध कराने के साथ उनके आपसी संबंधों को भी बनाए रखने का प्रयास किया जाएगा।उन्होंने बताया कि प्री-बैठकों के माध्यम से पक्षकारों के बीच समझौते के प्रयास किए जा रहे हैं।

## 1971 के युद्ध के वीर योद्धा पूर्व सैनिक राधे लाल लवानिया के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** गांव गढ़ी तमन्ना निवासी और सन् 1971 के भारत-पाक युद्ध में अदम्य साहस का परिचय देने वाले देश के वीर सपूत पूर्व सैनिक राधे लाल लवानियां का गुरुग्राम के मेदांता हॉस्पिटल में उपचार के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे जनपद और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। देश के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले एक सच्चे सपूत के चले जाने से हर आंख नम है।दिवंगत आत्मा की शांति के लिए आयोजित शोक सभा में क्षेत्र के तमाम राजनीतिक, सामाजिक और शैक्षणिक जगत से जुड़े गणमान्य नागरिकों, परिजनों एवं शुभचिंतकों ने भारी संख्या में उपस्थित होकर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में रामेश्वर उपाध्याय (ब्लॉक प्रमुख), आशीष शर्मा (पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष),पूनम पाण्डेय, संजीव शर्मा, दीपक शर्मा, डॉ. लोकेश शर्मा, सुरेश शर्मा, रविकांत मिश्रा, सुनील शर्मा,नीरज चक्रपाणि , बृजेश वशिष्ठ, रमेश चैधरी, राजेंद्र लावनिया, कौशल लावनिया, केशव लावनिया, रोहन लावनियां, दिनेश लावनियां, पूनम पांडेय ब्लॉक प्रमुख एवं उपस्थित सभी लोगों ने उनके देशप्रेम और समाज के प्रति दिए गए योगदान को याद किया।

## यूपी-टीईटी के अंतिम दिन डीएम-एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण




मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपी-टीईटी-2026) के अंतिम दिवस जिलाधिकारी अतुल वत्स और पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।दोनों अधिकारियों ने सेठ फूलचंद बागला (पीजी) कॉलेज और अक्रूर इंटर कॉलेज में स्ट्रांग रूम, सीसीटीवी कंट्रोल रूम, सुरक्षा व्यवस्था तथा परीक्षा संचालन का निरीक्षण किया। कंट्रोल रूम से परीक्षा कक्षों की निगरानी करने के साथ परीक्षा कक्षों का भी भ्रमण किया।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा की शुचिता और गोपनीयता बनाए रखने में किसी प्रकार की लापरवाही न हो तथा आयोग के सभी दिशा-निदेर्शों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं।

## सपा नेता राकेश बघेल ने मनाई बाबा लखी शाह बंजारा की जयंती

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** सिकंदराराऊ में सपा कैंप कार्यालय पर आगरा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व समाजवादी पार्टी नेता परवल प्रताप सिंह धनगर उर्फ राकेश बघेल के द्वारा बाबा लखी शाह बंजारा की जयंती मनाई गई जिसमें सपा नेता द्वारा बंजारा की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किए गए इस अवसर पर सपा नेता राकेश बघेल ने कहा किलखी शाह बंजारा, जिन्हें लक्खी शाह बंजारा भी कहा जाता है, 16वीं शताब्दी के एक प्रसिद्ध व्यापारी और योद्धा थे। उनका जन्म 1580 में मुजफ्फरगढ़, पंजाब (अब पाकिस्तान में) में हुआ था। लखी शाह बंजारा को एक महान योद्धा, दिल्ली के एक बड़े व्यापारी और सिविल ठेकेदार के रूप में जाना जाता है। उन्होंने दिल्ली में कई गांवों की स्थापना की, जिनमें मालचा, रायसीना, बारहखंभा और नरेला शामिल हैं। इस मौके पर प्रमुख रूप से अनूप यादव, दिनेश यादव, मनोज बघेल मनीष बंजारा, हाजी नवाब, हसन राणा, जीपी सिंह बंजारा, विनोद बंजारा, गुड्डू बंजारा, खेम सिंह बंजारा, निरंजन बंजारा, विनेश बंजारा, रविंद्र बंजारा, सिया बंजारा, बृजेश बंजारा, आदि मौजूद रहे

## जवाहर नवोदय विद्यालय में स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** जवाहर नवोदय विद्यालय, अगसौली में आज महान चिंतक, युग प्रवर्तक एवं युवा प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद जी की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य रेनू गौड़ ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया।

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती रेनू गौड़ ने विद्यार्थियों से स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी आधारशिला है। उन्होंने विद्यार्थियों को चरित्र निर्माण, अनुशासन, सेवा और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।अपने उद्बोधन के दौरान उन्होंने एक प्रेरणापरक गीत और कविता भी सुनाई । उन्होंने एक शिक्षक की तरह छात्र/छात्राओं से संवाद किया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. भगवान सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए स्वामी विवेकानंद के जीवन एवं उनके विचारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का व्यक्तित्व आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा का अक्षय स्रोत है तथा उनके विचार वर्तमान समय में भी उतने ही प्रासंगिक हैं।

इस अवसर पर विद्यालय के उप प्राचार्य सुदेश कुमार तोमर, वरिष्ठ शिक्षक डॉ. जितेंद्र राजपूत, डॉ. प्रवीन कुमार शर्मा, श्रीमती शशि सिंह, श्रीमती प्राची तोमर, सुश्री नगमा, श्रीमती दीपांजलि, श्रीमती वीना श्रीवास्तव सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक आदित्य अवस्थी ने किया। कार्यक्रम का समापन स्वामी विवेकानंद के आदर्शों का अनुसरण करने एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने के संकल्प के साथ हुआ।

## भारतीय किसान यूनियन (हरपालगुट) ने उठाई किसानों की मांगें, आंदोलन की दी चेतावनी

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** भारतीय किसान यूनियन (हरपालगुट) ने तहसील सासनी पर किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर देश के प्रधानमंत्री, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी हाथरस को संबोधित एक मांग पत्र सौंपा। शनिवार को एसडीएम नीरज शर्मा को यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चैधरी हरपाल सिंह के आह्वान पर सौंपे गए इस पत्र में संगठन ने किसानों के हितों से जुड़ी निम्नलिखित प्रमुख मांगें उठाई हैं भारत के किसानों की खतौनी में आई 99 प्रतिशत गलतियों को सरकार अपने खर्च पर सही कराए। सरकार द्वारा लागू किए गए नए कृषि कानून को वापस लेकर श्फार्मर्स रजिस्ट्रीश से खाद वितरण के नियम को तुरंत रद्द किया जाए। आलू और प्याज पर 500 रुपये प्रति क्विंटल की राहत राशि सरकार किसानों के खातों में जमा करे। इसके साथ ही सरकार 1000 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खुद आलू की खरीद करे। पिछले 20 वर्षों से ग्रामीण अंचल में टूटी पड़ी सड़कों का जल्द से जल्द निर्माण कराया जाए।आंदोलन की रूपरेखासंगठन के जिला अध्यक्ष ठा. उमाशंकर बांगर, उपाध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों की मौजूदगी में यह निर्णय लिया गया कि यदि इन मांगों पर जल्द विचार नहीं हुआ, तो संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर भारतीय किसान यूनियन (हरपालगुट) बड़ा आंदोलन करेगी। इसके तहत 15 जुलाई उत्तर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। 21 जुलाई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर बड़ा धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। मांग पत्र सौंपने के दौरान चैधरी हरपाल सिंह, श्री हरेंद्र सिंह, संजय चैहान, ठा. उमाशंकर बांगर, महेश मदान, ठा. राजू सिंह, श्रीमती राजबाला शर्मा, प्रदीप उपाध्याय और संजय शर्मा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## गरीब बेटी के विवाह में निस्वार्थ सेवा संस्थान ने दिया कन्यादान

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** निस्वार्थ सेवा संस्थान ने चंदपा क्षेत्र के एक आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटी के विवाह में कन्यादान स्वरूप गृहस्थी का आवश्यक सामान भेंट कर सामाजिक सरोकार का परिचय दिया। संस्थान की ओर से नवदंपति को गृहस्थ जीवन के लिए उपयोगी सामग्री प्रदान की गई।संस्थान के कन्यादान सेवा विभाग के प्रमुख आशीष अग्रवाल के नेतृत्व में टीम ने परिवार की आर्थिक स्थिति का सत्यापन किया। इसके बाद डबल बेड, गद्दा, साड़ियां, ज्वेलरी सेट, डिनर सेट, मिक्सी, जूसर, वाटर कूलर, पंखा सहित अन्य आवश्यक घरेलू सामग्री उपलब्ध कराई गई।संस्थान के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा कि जरूरतमंद बेटियों के विवाह में सहयोग करना समाज का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि संस्थान शिक्षा, स्वास्थ्य, रक्तदान, रोटी बैंक, मूक पशु सेवा और पर्यावरण संरक्षण सहित विभिन्न सामाजिक कार्यों में लगातार सक्रिय है तथा भविष्य में भी सेवा कार्य जारी रहेंगे।इस अवसर पर निष्कर्ष गर्ग, आशीष अग्रवाल, सतेंद्र मोहन, विशाल सोनी, आलोक अग्रवाल, सुनील कुमार, वरुण अग्रवाल सहित संस्थान के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। उन्होंने समाज के सक्षम लोगों से भी जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए आगे आने की अपील की।

## पदोन्नति पर राज्य कर विभाग के अधिकारियों का सम्मान

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** हाथरस चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एसोसिएशन ने राज्य कर विभाग के आर.के. सिंह के संयुक्त आयुक्त तथा समीर श्रीवास्तव के उप आयुक्त पद पर पदोन्नत होने पर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर उन्हें पटका पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दी गईं।एसोसिएशन पदाधिकारियों ने कहा कि आर.के. सिंह ने हाथरस में अपने कार्यकाल के दौरान करदाताओं की समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी समाधान के साथ विभाग और कर सलाहकारों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया। वहीं समीर श्रीवास्तव ने अपनी कार्यकुशलता और सरल व्यवहार से सभी का विश्वास जीता।पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि दोनों अधिकारी अपने नए दायित्वों का भी पूरी निष्ठा और दक्षता के साथ निर्वहन करेंगे।कार्यक्रम में अध्यक्ष सीए नितिन के. वार्ष्णेय, सचिव सीए गीतांश बिंदल, कोषाध्यक्ष सीए प्रतीक अग्रवाल, सीए लोकेश वार्ष्णेय, सीए दीपक शर्मा, सीए वरुण अग्रवाल सहित एसोसिएशन के सदस्य तथा विभाग की ओर से प्रद्युम्न गुप्ता, मयंक जैन, हरिनाथ यादव, आशीष यादव, नीरज कुमार, हरि मोहन शर्मा, कैलाश सैनी, देश दीपक निगम, गौरव वर्मा और पंकज चौहान मौजूद रहे।

# किराए के मकान में महिला की गला रेतकर हत्या

## कमरे में खून से लथपथ मिला शव, फोरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य





गंजडुंडवारा के गणेशपुर में एक महिला अपनी बेटी के साथ किराये के मकान में रह रही थी। शनिवार सुबह पड़ोसियों ने कमरे से खून निकलने की सूचना पुलिस को दी। उच्चाधिकारी, स्थानीय पुलिस, फॉरेंसिक टीम एवं डॉग स्क्वॉड ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य संकलित किए हैं। मृत्यु का कारण स्पष्ट करने के लिए शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। प्रकरण में अन्य आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज**। गंजडुंडवारा कोतवाली क्षेत्र के गांव गणेशपुर में किराए के मकान की दूसरी मंजिल पर अपने बच्चे के साथ रह रही एक महिला की बीती रात गला रेतकर हत्या कर दी गई। शनिवार सुबह कमरे में महिला का खून से लथपथ शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी समेत पुलिस बल मौके पर पहुंचा और जांच शुरू कर दी। फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वॉड ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस के अनुसार, गणेशपुर स्थित एक पैलेस के समीप किराए के मकान में रह रही महिला की हत्या की सूचना शनिवार सुबह मिली। मौके पर पहुंचे सीओ अमित कुमार और इंस्पेक्टर राधेश्याम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। महिला के गले पर धारदार हथियार से वार किए जाने के निशान मिले। मृतका की पहचान 30 वर्षीय शिवली के रूप में हुई। घटना की जानकारी मिलने पर मृतका के मायके पक्ष के लोग मोहल्ला कायस्थान, सिढ़पुरा से मौके पर पहुंचे। परिजनों के अनुसार शिवली की पहली शादी जीशान पुत्र अफसर अली निवासी भैंसा गोसाई, थाना बिल्सी, जनपद बदायूं से हुई थी। पति से विवाद के बाद वह मायके में रहने लगी थी। बाद में उसने सिढ़पुरा निवासी सनोज पुत्र वीरेंद्र सिंह से कोर्ट मैरिज की, लेकिन बाद में उससे अलग होकर अपनी बेटी अनमोल के साथ गणेशपुर में किराए के मकान में रहने लगी। परिजनों का आरोप है कि गणेशपुर निवासी एक व्यक्ति से उसके संबंध थे, जो उसे शादी का झांसा देता था। मृतका के भाई समसुल ने बताया कि उक्त व्यक्ति उनके घर भी आया था। वहीं मृतका की दस वर्षीय बेटी अनमोल ने बताया कि दो दिन पहले वह व्यक्ति उसकी मां को गोली मारने की धमकी देकर गया था। एसपी ओमप्रकाश सिंह ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के भाई शमशाद पुत्र शौकीन अली निवासी सिढ़पुरा ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या की तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर अग्रिम कार्रवाई में जुटी है।

## 30 क्वार्टर देशी शराब समेत आरोपी गिरफ्तार

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज**। सोरों कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र से एक आरोपी को 30 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया है। इंस्पेक्टर सोरों लोकेश भाटी ने बताया कि कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार की शाम क्षेत्र में नगला दौलत मोड़ से रतनलाल पुत्र नरायन निवासी रामजीत की मढैया थाना सहसवान जनपद बदांयू को 30 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की है।

## 32 क्वार्टर देशी शराब समेत आरोपी गिरफ्तार

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज**। सहावर थाना पुलिस ने क्षेत्र से एक आरोपी को 32 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया है। इंस्पेक्टर सहावर गोविंद बल्लभ शर्मा ने बताया कि सहावर थाना पुलिस ने शुक्रवार की देर शाम भिलौली गांव से रोहिताश पुत्र सुरेशचन्द्र निवासी भिलौली थाना सहावर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने तलाशी के दौरान आरोपी से 32 क्वार्टर देशी शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की है।

## पुलिस ने एक वारंटी को दबोचा

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज**। शहर कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र से एक वारंटी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वारंटी के विरुद्ध अग्रिमत कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया है। अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक अवधेश भदौरिया ने बताया कि शहर कोतवाली पुलिस ने शनिवार को गुलशन पुत्र गिरधारी लाल निवासी मोहल्ला जयजयराम कासगंज को गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध न्यायालय से वारंट जारी किए गए थे। पुलिस ने वारंटी को गिरिफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की है।

## 1200 मतदाताओं के मानक के आधार पर मतदेय स्थलों के सम्भाजनध्समायोजन की प्रक्रिया प्रारंभ

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज**। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण से पूर्व जनपद कासगंज में 1200 मतदाताओं के मानक के आधार पर मतदेय स्थलों के सम्भाजनध्समायोजन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इसी क्रम में जनपद की तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों 100 कासगंज, 101 अमांपुर एवं 102 पटियाली के मतदेय स्थलों की प्रारूप सूची प्रकाशित कर दी गई है। प्रकाशित प्रारूप के अनुसार विधानसभा क्षेत्र कासगंज में 260 मतदान केंद्र एवं 417 मतदेय स्थल, अमांपुर में 267 मतदान केंद्र एवं 372 मतदेय स्थल तथा पटियाली में 277 मतदान केंद्र एवं 401 मतदेय स्थल प्रस्तावित हैं। इस प्रकार जनपद में कुल 804 मतदान केंद्र एवं 1190 मतदेय स्थल प्रस्तावित किए गए हैं। मतदेय स्थलों की प्रारूप सूची डीईओ पोर्टल, संबंधित उप जिलाधिकारी कार्यालयों, तहसील स्थित मतदाता पंजीकरण केंद्रों तथा जिला निर्वाचन कार्यालय, कासगंज में अवलोकन हेतु उपलब्ध रहेगी। यदि किसी व्यक्ति, जनप्रतिनिधि अथवा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल को कोई आपत्ति या सुझाव देना हो तो वह प्रारूप सूची के प्रकाशन की तिथि से तीन दिवस के भीतर संबंधित उप जिलाधिकारी कार्यालय अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय, कासगंज में लिखित रूप से प्रस्तुत कर सकता है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावों के निस्तारण के उपरांत मतदेय स्थलों की अंतिम सूची तैयार कर अनुमोदन हेतु अग्रेषित की जाएगी।

# स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर कांग्रेस विधि विभाग ने दी श्रद्धांजलि

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कासगंज**। जिला कांग्रेस कमेटी विधि विभाग कासगंज ने अपने कार्यालय पर अधिवक्ता साथियों के साथ युग पुरुष स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया। इस दौरान उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। चेयरमैन सत्येन्द्र पाल सिंह बैस एडवोकेट ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि प्रतिवर्ष 4 जुलाई को मनाई जाती है। वर्ष 1902 में इसी दिन दूरदर्शी संत और दार्शनिक स्वामी विवेकानंद ने 39 वर्ष की आयु में बेलूर मठ में महासमाधि ली थी। उनका जीवन, वेदांत दर्शन तथा युवा सशक्तिकरण पर आधारित उनके विचार आज भी विश्वभर के लाखों लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 1893 में शिकागो की धर्म संसद में दिए गए उनके ऐतिहासिक भाषण ने भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक स्तर पर नई दिशा दी। उनकी विरासत आज भी देश की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक चेतना को सशक्त बना रही है। उन्होंने 1897 में रामकृष्ण मिशन की स्थापना की थी, जिसका मुख्यालय बेलूर मठ में स्थित है। बैस ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को उद्धृत करते हुए कहा, ष्मुझे एक ऐसे धर्म का अनुयायी होने पर गर्व है जिसने दुनिया को सहिष्णुता और सार्वभौमिक स्वीकृति दोनों का पाठ पढ़ाया है। हम सिर्फ सार्वभौमिक सहिष्णुता में ही विश्वास नहीं करते, बल्कि हम सभी धर्मों को सत्य मानते हैं। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद विश्वभर के युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं और जब तक सृष्टि रहेगी, तब तक उनका नाम इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में कमल कुमार सिंह यादव, कौशल किशोर शर्मा, सत्यवीर सिंह, ओम प्रकाश सिंह, यशवीर सिंह यादव, मानिकचंद गौतम, सतेंद्र सिंह, तेजेंद्र, सत्यम शर्मा, अभिषेक कुमार सिंह, राज, नरेंद्र शर्मा, निरंजन, मोहम्मद खालिद, विशाल पाल सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी केंद्र का जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**कासगंज**। जिलाधिकारी प्रणय सिंह ने शनिवार को विकास खंड सोरों के बहादुरनगर आंगनवाड़ी केंद्र का स्थलीय निरीक्षण कर संचालित गतिविधियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र पर उपलब्ध पुष्टाहार की गुणवत्ता एवं वितरण व्यवस्था की जांच की तथा संबंधित अभिलेखों का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत एक बच्चे का अन्नप्राशन एवं एक गर्भवती महिला की गोद भराई की। उन्होंने उपस्थित बच्चों से संवाद करते हुए मिड-डे मील एवं अन्नपूर्णा पुष्टाहार के संबंध में जानकारी प्राप्त की और पूछा कि आज उन्हें भोजन में क्या मिला। उन्होंने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं अन्य संबंधित कार्मिकों की उपस्थिति भी जांची तथा केंद्र पर संचालित सेवाओं को प्रभावी एवं नियमित रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी वीरेंद्र सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## कायस्थ बंधुओं ने पुण्यतिथि पर याद किए स्वामी विवेकानंद



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज**। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के बैनरतले शनिवार को स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान विचार गोष्ठी भी हुई। इसमें वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के जीवन, व्यक्तित्व और उनके आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला। युवाओं से उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। संगठन की ओर से शहर में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा स्थापित कराने को पहल करने की बात कही गई। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष वेदप्रकाश सक्सेना के निर्देश पर शहर के नदरई गेट स्थित नवल कुलश्रेष्ठ के प्रतिष्ठान पर गोष्ठी हुई। गोष्ठी का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके बाद वक्ताओं ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और राष्ट्रभक्ति का संदेश पूरी दुनिया तक पहुंचाया। उनका जीवन आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि समाज को उनके विचारों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। नवल कुलश्रेष्ठ, विनोद सक्सेना, दिनकर राव चतुवेर्दी ने भी स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान निर्णय लिया गया कि शहर में स्वामी विवेकानंद की भव्य प्रतिमा स्थापित कराने के लिए संगठन पहल करेगा। विचार गोष्ठी का संचालन अखिलेश सक्सेना ने किया। जिलाध्यक्ष केके सक्सेना ने सभी अतिथियों का अभिनंदन किया। इस दौरान नवीन सक्सेना, आदित्य शरण सक्सेना, आलोक कुलश्रेष्ठ, संजय मूना, नीरज कुमार सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

## ब्रज के कलाकारों ने किया रासलीला का मंचन



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज**। अमांपुर कस्बा के श्री शीतला माता मंदिर पर चल रही 10 दिवसीय संगीतमय आदर्श श्री रासलीला महोत्सव मंचन में पंचम दिवस भाजपा मंडल उपाध्यक्ष पुष्पेन्द्र वर्मा, भाजपा मीडिया प्रभारी आकाश गुप्ता सर्राफ, बसपा विधानसभा प्रभारी श्रीकृष्ण गौतम, बृजपाल सिंह उर्फ नेकसे ने राधा-कृष्ण के स्वरूपों का पूजन कर आरती उतारी। श्री कृष्ण रासलीला मंचन महोत्सव में बाल कलाकारों के द्वारा भगवान श्रीकृष्ण व राधारानी की बाल लीलाओं का मनोहारी आकर्षक झांकियों के साथ मंचन किया गया। बाल लीला देख श्रद्धालुओं ने राधा-कृष्ण के जयकारे लगाए। रासलीला का मंचन श्रीराधा करूणामयी रासलीला संस्थान श्रीधाम वृन्दावन के प्रभात दास महाराज के द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रभात दास महाराज, शीलेंद्र सोलंकी भाजपा मंडल उपाध्यक्ष पुष्पेन्द्र वर्मा, भाजपा मीडिया प्रभारी आकाश गुप्ता सर्राफ, बसपा विधानसभा प्रभारी श्रीकृष्ण गौतम, बृजपाल सिंह, धीरज शाक्य, मोनू गुप्ता, सौरव गुप्ता, करन सिंह यादव, संजू वर्मा, सौरव गौतम, मुनेंद्र राजपूत, दुष्यंत गुप्ता आदि भक्तगण मौजूद रहे।

# पत्नी के बीच दूर हुआ मनमुटाव परिवार परामर्श केंद्र की काउंसलिंग से बनी सहमति

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**कासगंज**। परिवार परामर्श केंद्र की पहल और प्रभावी काउंसलिंग के माध्यम से एक बिखरते परिवार को फिर से जोड़ने में सफलता मिली है। शनिवार को आयोजित बैठक में पति-पत्नी के बीच लंबे समय से चले आ रहे मतभेदों को दूर कर दोनों को पुनः साथ रहने के लिए राजी कर लिया गया। काउंसलर डॉ. अनीता उपाध्याय ने बताया कि ममता निवासी दुर्गा कॉलोनी, कासगंज तथा उनके पति मधुकर मिश्रा निवासी रेलवे डंडा, बाल्मीकि बस्ती, सहावर गेट, कासगंज के मामले की परिवार परामर्श केंद्र में सुनवाई की गई। दंपती के बीच आपसी मतभेद और मनमुटाव के कारण दोनों अलग-अलग रह रहे थे, जिससे परिवार टूटने की स्थिति में पहुंच गया था। काउंसलिंग के दौरान परिवार परामर्श केंद्र की टीम ने दोनों पक्षों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उन्हें धैर्यपूर्वक समझाया-बुझाया। परामर्शदाताओं ने वैवाहिक जीवन में संवाद, आपसी विश्वास और समझदारी के महत्व पर जोर देते हुए दंपती को रिश्तों की अहमियत बताई। इसके बाद पति-पत्नी ने अपनी-अपनी गलतियों को स्वीकार करते हुए नई शुरूआत करने का निर्णय लिया और एक साथ रहने की सहमति जताई। महिला थानाध्यक्ष ने बताया कि परिवार परामर्श केंद्र का उद्देश्य पारिवारिक विवादों को आपसी समझ और संवाद के माध्यम से सुलझाकर परिवारों को टूटने से बचाना है। इस प्रयास के तहत कई परिवारों को पुनः एकजुट करने में सफलता मिल रही है। बैठक में महिला आरक्षी कल्पना के अलावा शिखा अग्रवाल और प्रिया भी मौजूद रहीं। परामर्श केंद्र की इस पहल की लोगों ने सराहना की है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस 06 जुलाई को डीएम कासगंज में

**मोर्निंग सिटी संवाददाता कासगंज**। जिलाधिकारी प्रणय सिंह की अध्यक्षता में दिनांक 06 जुलाई 2026 दिन सोमवार को तहसील कासगंज के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा। जिसमें सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## सिलेंडर में लगी आग, परिवार के तीन लोग झुलसे



**मोर्निंग सिटी संवाददाता कासगंज**। शहर कोतवाली क्षेत्र के ततारपुर के समीप स्थित कांशीराम आवासीय कॉलोनी में गैस सिलेंडर में आग लगने से एक ही परिवार के तीन लोग झुलस गए। आग बुझाने के प्रयास में गृहस्वामी, उनकी पत्नी और बेटी घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया और घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस के अनुसार कांशीराम आवासीय कॉलोनी स्थित एक मकान में गैस सिलेंडर से आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाया। तब तक आग बुझाने के प्रयास में मकान स्वामी जगदीश, उनकी पत्नी सावित्री और बेटी कुमकुम झुलस गए थे। गृहस्वामी जगदीश ने बताया कि घर में खाना बनाया जा रहा था, तभी अचानक सिलेंडर से गैस रिसाव होने के कारण आग भड़क उठी। उन्होंने जलते हुए सिलेंडर को रसोई से बाहर निकालने का प्रयास किया, जिससे वह झुलस गए। उनकी पत्नी और बेटी भी आग की चपेट में आकर घायल हो गईं। पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार जारी है। इस संबंध में इंस्पेक्टर ने बताया कि जगदीश के मकान में रखे सिलेंडर में आग लग गई थी, जिस पर समय रहते काबू पा लिया गया। घटना में झुलसे लोगों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# पैदल चल रहे अधेड़ को बाइक ने मारी जोरदार टक्कर

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कासगंज**। जनपद कासगंज के गंजडुंडवारा कोतवाली क्षेत्र में पैदल घर जा रहे एक 50 वर्षीय व्यक्ति को तेज रफ्तार बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे हादसे में व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने व्यक्ति के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बता दें मृतक का नाम 50 वर्षीय तिलक सिंह पुत्र गुनाहकर सिंह था, जोकि गंजडुंडवारा कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला मोती का रहने वाला था, बताया जाता है कि तिलक सिंह बीते दिवस एक शादी समारोह में शामिल होने क्षेत्र के गांव बहोरनपुर गया हुआ था, बीती देर रात्रि जब वह पैदल अपने गांव वापस आ रहा था, तभी गांव बहोरनपुर के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे हादसे से में तिलक सिंह की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं तिलक सिंह की मौत की खबर सुन उसके घर में कोहराम मचा हुआ है।

## मिशन सेफ फ्यूचर अभियान के तहत परिवहन विभाग की कार्रवाई




मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज**। जनपद में सड़क सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग द्वारा मिशन सेफ फ्यूचर अभियान के अंतर्गत विशेष जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान स्कूल वाहनों सहित ओवरस्पीड और ओवरलोड वाहनों की सघन जांच की गई। मानकों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध चालान और निरुद्ध करने की कार्रवाई की गई। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी आर.पी. मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के तहत विभिन्न स्कूल वाहनों का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान तीन स्कूल वाहन निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए। इन वाहनों में आवश्यक व्यवस्थाओं की कमी मिलने पर उनके विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई। विभाग ने संबंधित वाहन संचालकों को सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान तेज गति से संचालित हो रहे वाहनों पर भी विशेष निगरानी रखी गई। ओवरस्पीडिंग करते पाए गए 18 वाहनों का चालान किया गया। वहीं, क्षमता से अधिक भार लेकर चल रहे पांच वाहनों को बंद कर निरुद्ध कर दिया गया। परिवहन विभाग की इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप की स्थिति बनी रही। एआरटीओ आर.पी. मिश्र ने बताया कि अभियान के दौरान कुल 36 वाहनों के चालान किए गए, जबकि पांच वाहनों को निरुद्ध किया गया। इन सभी मामलों में दो लाख रुपये से अधिक का जुमार्ना अधिरोपित किया गया है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ऐसे अभियान आगे भी लगातार चलाए जाएंगे, ताकि दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# स्वागत समारोह में बिखरी कांग्रेस की एकता राष्ट्रीय महासचिव के सामने दो गुटों में मारपीट

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**सिकंदरा(कानपुर देहात)** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मंत्री राजेंद्र पाल गौतम के कानपुर देहात आगमन पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम उस समय हंगामे में बदल गया, जब पार्टी के दो गुट आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि लात-घूंसे चलने लगे और जूतों से मारपीट के आरोप भी सामने आए। घटना के बाद राष्ट्रीय महासचिव मीडिया से दूरी बनाते हुए कार्यक्रम स्थल से रवाना हो गए। जानकारी के अनुसार सिकंदरा क्षेत्र के मानपुर स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर सबसे पहले जिलाध्यक्ष अम्बरीश सिंह गौर और महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मनोरमा संखवार ने राष्ट्रीय महासचिव का स्वागत किया। इसके बाद सूर्या होटल में पूर्व जिलाध्यक्ष नरेश कटियार, उनके पुत्र वंश कटियार तथा सैकड़ों कार्यकर्ता स्वागत की तैयारी के साथ मौजूद थे। होटल में भोजन की भी व्यवस्था की गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जब जिलाध्यक्ष अम्बरीश सिंह गौर अपने समर्थकों के साथ दोबारा स्वागत करने पहुंचे, तब पूर्व जिलाध्यक्ष गुट के कार्यकताओं ने यह कहते हुए आपत्ति जताई कि स्वागत पहले ही हो चुका है और अन्य कार्यकताओं को भी अवसर दिया जाए। इसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हुई, जो कुछ ही देर में धक्का-मुक्की और फिर मारपीट में बदल गई। घटना के बाद महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मनोरमा संखवार ने सिकंदरा थाने पहुंचकर पूर्व जिलाध्यक्ष नरेश कटियार, उनके पुत्र वंश कटियार, कथित बाउंसरों तथा 10-12 अज्ञात लोगों के खिलाफ शिकायत पत्र दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हंगामे की सूचना मिलते ही राजपुर, सिकंदरा, अमराहट, बरौर, डेरापुर, मंगलपुर और सट्टी समेत सात थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। तीन क्षेत्राधिकारी, एसओजी और सर्विलांस टीम ने भी स्थिति को नियंत्रित करने में भूमिका निभाई। सिकंदरा पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य साक्ष्यों की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार, सूर्या होटल के कैमरों की पड़ताल में एक वीडियो ऐसा भी सामने आया है, जिसमें महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मनोरमा संखवार स्वयं जूता चलाती हुई दिखाई दे रही हैं। हालांकि, इस वीडियो और उससे जुड़े दावों की जांच अभी जारी है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव की मौजूदगी में हुए इस घटनाक्रम ने जिले की राजनीति में पार्टी के भीतर गुटबाजी को एक बार फिर सार्वजनिक कर दिया है। अब सबकी निगाहें पुलिस जांच और पार्टी नेतृत्व की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं।

## सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक ने दुर्घटना स्थल का निरीक्षण कर आयोजित की समन्वय गोष्ठी



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**रूरा(कानपुर देहात)** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय द्वारा थाना रूरा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम चिलौली के पास 02 जुलाई को हुई सड़क दुर्घटना के घटनास्थल का निरीक्षण कर दुर्घटना के कारणों एवं सड़क सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। तत्पश्चात पुलिस कार्यालय, कानपुर देहात में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाए जाने के उद्देश्य से एक समन्वय गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिशासी अभियंता (एठ), क्षेत्राधिकारी अकबरपुर, क्षेत्राधिकारी यातायात एवं क्षेत्राधिकारी डेरापुर उपस्थित रहे। बैठक में दुर्घटना संभावित स्थलों (ब्लैक स्पॉट), यातायात संकेतकों, स्पीड ब्रेकर, चेतावनी बोर्ड एवं अन्य सड़क सुरक्षा उपायों की समीक्षा करते हुए आवश्यक सुधारात्मक कार्य शीघ्र कराए जाने तथा पुलिस एवं लोक निर्माण विभाग के मध्य प्रभावी समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए।

## शराब के ठेके के विरोध में महिलाओं का हंगामा, सड़क पर लगाया जाम

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** इगलास रोड स्थित टुकसान गांव के देसी शराब के ठेके के बाहर महिलाओं और बच्चों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए सड़क पर जाम लगा दिया। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने ठेके और उससे सटी कैंटीन में तोड़फोड़ की तथा सीसीटीवी कैमरे भी क्षतिग्रस्त कर दिए, जिससे कुछ देर के लिए आवागमन बाधित रहा।प्रदर्शनकारी महिलाओं का आरोप था कि शराब के ठेके के कारण क्षेत्र का माहौल बिगड़ रहा है, पुरुषों में नशे की प्रवृत्ति बढ़ रही है और छात्राओं व महिलाओं की सुरक्षा प्रभावित हो रही है। उन्होंने ठेका तत्काल हटाने की मांग की।सूचना पर पुलिस और आबकारी विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने महिलाओं को समझाकर शांत कराया, जिसके बाद जाम समाप्त हुआ। एहतियात के तौर पर मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। उल्लेखनीय है कि हाल के दिनों में जिले में शराब के ठेकों के विरोध में महिलाओं का यह तीसरा प्रदर्शन है।

## बंटवारे के विवाद में फायरिंग करने वाला आरोपी गिरफ्तार

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** चंदपा थाना पुलिस ने ग्राम कछपुरा में बंटवारे के विवाद के दौरान हुई फायरिंग के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार 3 जुलाई को एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच बंटवारे को लेकर कहासुनी के बाद हुई फायरिंग में महेश और गिरीश गोली लगने से घायल हो गए थे। घटना के संबंध में थाना चंदपा में मुकदमा दर्ज किया गया था।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी राजाबाबू पुत्र जयप्रकाश निवासी कछपुरा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में भी जुटी है।

## सूचना निदेशक ने पत्रकारों के हितार्थ उठाया महत्वपूर्ण कदम,सुविधा के लिए जल्द ही नया पोर्टल होगा शुरू

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**माती(कानपुर देहात)** सूचना निदेशक विशाल सिंह ने बताया कि पत्रकार बन्धुओं के हितार्थ महत्वपूर्ण कदम उठाये गये है। अब पत्रकार बन्धुओं को आयुष्मान कार्ड और आसानी से प्राप्त हो सकेंगे। उन्होने बताया कि जिन पत्रकार बन्धुओं ने आयुष्मान कार्ड के लिए अपना आवेदन किया है और कतिपय कारणों से उनका कार्ड नहीं बन पाया है, वह ुल्लीप्रूं१८.ल्लॅं.ङ्म५.ल्ल पोर्टल पर अपने कार्ड का स्टेटस चेक कर सकते है। पोर्टल पर नाम प्रदर्शित होने पर किसी भी प्रकार के संसोधन के लिए संबधित जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में सम्पर्क स्थापित कर संसोधन भी करा सकते है। उन्होने यह भी बताया कि जिन पत्रकार बन्धुओं ने अभी तक आयुष्मान कार्ड के लिए अपना आवेदन नहीं किया है या आवेदन किया है और उनका कार्ड नहीं बना है, इसके समाधान हेतु शीघ्र ही ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया जायेगा। पोर्टल शुरू होने के पश्चात पत्रकार बंधु अपने जनपद के जिला सूचना अधिकारी के माध्यम से पोर्टल पर अपना आवेदन उपलब्ध करा सकेंगे। पोर्टल प्रारम्भ होने की सूचना तत्काल उपलब्ध करा दी जाएगी।

## पेट्रोल पंप पर युवक से मारपीट मामले में चार के खिलाफ एफआईआर दर्ज

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**डेरापुर(कानपुर देहात)** थाना क्षेत्र के सलेमपुर स्थित राधे-राधे पेट्रोल पंप पर युवक के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में थाना डेरापुर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर चार नामजद आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। कस्बा डेरापुर के प्रताप नगर वार्ड-10 निवासी गुफरान पुत्र शरीफ उल्लाह खान ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह एक जुलाई की शाम करीब छह बजे अपनी मोटरसाइकिल में पेट्रोल भरवाने के लिए सलेमपुर स्थित राधे-राधे पेट्रोल पंप पर गया था। इसी दौरान वहां पहुंचे कुछ युवकों ने उसकी बाइक के सामने आकर गाली-गलौज शुरू कर दी। पीड़ित के अनुसार विरोध करने पर आरोपितों ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। शोरगुल सुनकर मौके पर मौजूद लोगों और पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया, जिसके बाद आरोपित मौके से चले गए। तहरीर में विकास चौबे उर्फ भीखखू पुत्र देवेंद्र चौबे निवासी वार्ड नंबर-5 कृष्णा नगर डेरापुर, अभिनव उर्फ पिंटू ठाकुर पुत्र मनोज सिंह निवासी कस्बा डेरापुर, पूती राइन पुत्र छोटे लाल निवासी डेरापुर तथा शानू कुरैशी पुत्र शफीक कुरैशी निवासी डेरापुर को नामजद किया गया है। पीड़ित का कहना है कि पूरी घटना पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है। मामले में थाना डेरापुर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डेरापुर थाना प्रभारी धीरेन्द्र कुमार ने शनिवार बताया कि तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## प्रतिबंधित हरे पेड़ काटने पर वन विभाग नें की कार्यवाही



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**राजपुर(कानपुर देहात)** गुरुवार को जनपद कानपुर देहात के तहसील सिकंदरा क्षेत्र के जैसलपुर महदेवा गाँव के किसान संतराम सिंह ने थाना राजपुर पहुंचकर दबंगो द्वारा जबरन हरे पेड़ काटने का शिकायती पत्र दिया ' थाना प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह नें तत्काल वन अधिकारियो को घटना से अवगत कराया ' बुजुर्ग किसान संतराम के मुताबिक घर में विवाह कार्यक्रम के चलते पड़ोसी गाँव अनवा निवासी चंद्रशेखर व उसके अन्य साथियों ने जबरन खेत को जेसीबी ट्रैक्टरो से समतल करके उसमे खड़े हरे नीम व शीशम के पेड़ों को काट लिया गया ' जब इसका विरोध किया तो फर्जी मुकदमे में फसाने की धमकी भी दी गई ' पीड़ित किसान ने थाना प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह से न्याय की गुहार लगाई ' वहीं दूसरी ओर थाना प्रभारी ने तत्काल वन विभाग को पूरे मामले से अवगत कराया ' जिसके बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने कटे पड़े हरे नीम व शीशम के पेड़ों की नाप कर-के अधिकारियो को जानकारी दी ' वहीं दूसरी ओर वन अधिकारियो द्वारा प्रतिबंधित पेड़ों की कटान करनें पर जुमार्ना लगाया गया है

## नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**मूसानगर(कानपुर देहात)** महिलाओं और बच्चियों के खिलाफ होने वाले अपराधों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार सख्त कदम उठा रहा है। इसी कड़ी में मूसानगर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाले वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस घिनौनी वारदात का खुलासा तब हुआ जब पीड़िता के परिजनों को उसके गर्भवती होने की जानकारी मिली, जिसके बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, मूसानगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी वादी ने शुक्रवार को स्थानीय पुलिस को लिखित तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई थी। तहरीर में बताया गया कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री को बीते 19 मई 2026 को आरोपी अंकित निषाद ने बहला-फुसलाकर अपने घर बुलाया था। वहां उसने शादी का झांसा देकर किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। इस कृत्य के कारण पीड़िता गर्भवती हो गई। परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने तुरंत एक्शन लेते हुए आरोपी अंकित निषाद के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 64(2) और पॉक्सो एक्ट की सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया। मामला दर्ज होते ही थानाध्यक्ष अमिता वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम आरोपी की तलाश में जुट गई। 4 जुलाई 2026 को मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने ग्राम शेरपुर के आगे ग्राम घार की तरफ जाने वाले बम्बे के पास रणनीतिक घेराबंदी की। पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे 19 वर्षीय आरोपी अंकित कुमार पुत्र कप्तान सिंह निवासी भरतौली को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दबोच लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी को वैधानिक कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। इस त्वरित कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में उपनिरीक्षक सुनील कुमार वर्मा, कांस्टेबल गोविंद यादव और रिक्रूट कांस्टेबल यक्षेश कुमार शामिल रहे।

## धर्म परिवर्तन कराने वाले दो आरोपियों को पुलिस नें गिरफ्तार कर जेल भेजा

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**मूसानगर(कानपुर देहात)** जनपद में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना क्षेत्र मूसानगर में नाबालिक बालिका को डरा धमकाकर व बहला फुसलाकर शादी करने का झांसा, छेडछाड व अन्य प्रलोभन देकर धर्मपरिवर्तन कराने हेतु प्रेरित करने के सम्बन्ध में शुक्रवार को पीड़ित जीतू गुप्ता उम्र पुत्र भगवान दास गुप्ता निवासी मोहल्ला वार्ड नं0 9 कस्बा व थाना मूसानगर द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर मुख्तार कुरैशी पुत्र अज्ञात निवासी फत्तेपुर,राज राईन पुत्र रमजानी निवासी गौसगंज,मोनिस पुत्र वसीर निवासी गौसगंज के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया था । जिनकी गिरफ्तारी के लिए थाना मूसानगर पर एक टीम का गठन करते हुए आरोपियों की तलाश के दौरान त्वरित कार्यवाही करते हुए शुक्रवार को आरोपियों मुख्तार अहमद,राज राईन को हलिया मोड से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार आरोपियों को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है ' पुलिस पूछताछ में बताया कि मुख्तार अहमद एसडीएसजी इन्टर कालेज मे बस चालक है व पीडिता को उसके घर से बस में लाता व ले जाता था। इसी दौरान पीडिता को राज राईन पुत्र रमजानी निवासी एसबीआई बैक के पीछे गौसगंज से दोस्ती करने का दबाब बनाता था तथा पीडिता को बहला फुसलाकर उसकी दोस्ती राज राईन से करा दी थी। वे लोग पीडिता को धर्म परिवर्तन करने के लिए डरा धमकाकर, प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित करते थे। आरोपियों द्वारा पीडिता के साथ सामूहिक रुप से छेडछाड की बात भी स्वीकार की गयी। थाना प्रभारी अमिता वर्मा नें बताया कि नामित फरार आरोपी मोनिस की गिरफ्तारी के भरसक प्रयास किये जा रहे हैं ।

## डीएम ने शिक्षक पात्रता परीक्षा-2026 के परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण,दिए आवश्यक दिशा-निर्देश


मोर्निंग सिटी संवाददाता



**माती (कानपुर देहात)** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा-2026 के सफल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण आयोजन के दृष्टिगत जिलाधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट कपिल सिंह ने शनिवार को अकबरपुर महाविद्यालय, अकबरपुर परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों के प्रवेश, पहचान सत्यापन, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, स्ट्रॉन्ग रूम, प्रश्नपत्र एवं उत्तर पुस्तिकाओं के सुरक्षित रख-रखाव सहित समस्त व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। उन्होंने परीक्षा संचालन से संबंधित सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के दिशा-निदेर्शों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं केंद्र व्यवस्थापक को निर्देशित किया कि परीक्षा को पूर्ण निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखने में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी सतर्कता एवं सजगता के साथ करें। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्र पर सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं तथा परीक्षा निर्धारित दिशा-निदेर्शों के अनुरूप शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित होती मिली।

## लापता किशोरी के परिजनों की शिकायत पर पुलिस नें तलाश तेज की

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**भोगनीपुर (कानपुर देहात)** कोतवाली क्षेत्र के गोपालपुर गांव से बीते 20 मई को एक नाबालिक बालिका कही लापता हो गई। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी उसका कहीं सुराग नहीं लग सका। परिजनों ने बालिका की गुमशुदगी थाना भोगनीपुर में दर्ज कराई है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर लापता बालिका की तलाश शुरू कर दी है ' परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी उसका कहीं सुराग नहीं लग सका।परिजनों ने बालिका की गुमशुदगी थाना भोगनीपुर में दर्ज कराई है।पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर लापता बालिका की तलाश शुरू कर दी है।पुलिस ने लापता बालिका की बरामदगी के लिए लोगों से मदद की अपील की है।गोपालपुर गांव निवासी रामकुमार सैनी ने गुमशुदगी दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि उनकी पुत्री सौम्या सैनी उम्र करीब 17 वर्ष 06 माह बीते 20 मई की शाम करीब 6 बजे घर से अचानक कहीं चली गई है।काफी खोजबीन के बाद भी उसका कहीं कोई सुराग नहीं लग सका है।जिसके बाद परिजनों ने पुत्री की गुमशदगी की रिपोर्ट थाना भोगनीपुर में दर्ज कराई।पुलिस के मुताबिक लापता बालिका का आंख,कान,नाक कद औसत लम्बाई 4 फूट 5 इंच है।बालिका ने क्रीम कलर की जींस,नीली चौखाने की शर्ट तथा पैरों में चप्पल पहन रखी है।पुलिस ने लापता बालिका की बरामदगी हेतु लोगों से मदद की अपील की है तथा बालिका के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी होने पर संपर्क सूत्र क्षेत्राधिकारी भोगनीपुर 9454401471,संपर्क सूत्र प्रभारी निरीक्षक थाना भोगनीपुर 9454403693 तथा संपर्क सूत्र चौकी प्रभारी देवीपुर थाना भोगनीपुर 6395467710 पर सूचना देने की बात कही है।चौकी प्रभारी अतेंद्र सिंह ने बताया कि लापता बालिका की तलाश कराई जा रही है।

## जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में की जनसुनवाई,निस्तारण के दिये निर्देश




मोर्निंग सिटी संवाददाता

**माती (कानपुर देहात)** जिलाधिकारी कपिल सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान जनपद के विभिन्न तहसीलों एवं ग्रामीण-शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक फरियादी की समस्या को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रकरणों के त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त सभी प्रार्थना पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर दर्ज करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर उनका समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब अथवा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतकर्ताओं को उनके प्रकरण की प्रगति से अवगत कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। अतः प्रत्येक अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि आवेदक को समय-समय पर उसके प्रकरण की वर्तमान स्थिति की जानकारी उपलब्ध कराई जाए, जिससे प्रशासन के प्रति आमजन का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो।



# काम के प्रति सलमान के समर्पण के फैन हुए पुलकित

**2012 में 'बिट्टू बॉस' से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले पुलकित सम्राट ने 'फुकरे' से इंडस्ट्री में लोकप्रियता हासिल की। इसके बाद पुलकित कई फिल्मों का हिस्सा रहे हैं। हाल ही में पुलकित ने सलमान खान की एक खास सलाह के बारे में बात की, जिसने उनकी जिंदगी बदल दी। साथ ही पुलकित ने यह भी बताया कि बिना किसी मेंटर के इंडस्ट्री में आगे बढ़ना उनके लिए कितना मुश्किल रहा।**

पुलकित ने बताया कि अपनी पहली फिल्म के समय हर नए कलाकार की तरह फिल्म के रिलीज होने से पहले वह भी घबराए हुए थे, लेकिन सलमान की बातों ने स्टारडम के बारे में उनका नजरिया बदल दिया। उन्होंने कहा कि मैं बहुत घबराया हुआ था और सोच रहा था कि दर्शक फिल्म और मेरी परफॉर्मेंस को कैसा रिस्पॉन्स देंगे। सलमान भाई ने बस मेरी तरफ देखा और कहा, 'पुलकित, मैं सलमान खान हूं। यहां तक कि मुझे भी अपने अगले शुक्रवार की कोई गारंटी नहीं है। तो तुम खुद को क्या समझते हो? इसके बारे में टेंशन लेकर तुम क्या हासिल कर लोगे?' सलमान की इस सलाह से मुझे यह एहसास हुआ कि अगर उनके कद का कोई व्यक्ति बॉक्स ऑफिस पर सफलता की गारंटी नहीं दे सकता, तो मेरे लिए इस बात की चिंता या तनाव करने का कोई कारण नहीं है।


पुलकित ने आगे सलमान के काम के प्रति समर्पण की तारीफ करते हुए कहा कि वो 24 घंटे फिल्मों के बारे में ही सोचते रहते हैं। कभी-कभी जब उन्हें सिर्फ तीन घंटे की नींद मिल पाती है, तब भी वे अपने प्रोजेक्ट्स के बारे में ही सोचते रहते हैं। चाहे वह किसी किरदार के लिए सही व्यक्ति को चुनना हो या फिर किसी बड़े एक्शन सीन पर विचार करना हो जिसे दर्शक थिएटर में पसंद करें। उनके इस समर्पण को देखकर मुझे एहसास हुआ कि अगर मैं उनकी कामयाबी का 50% भी हासिल करना चाहता हूं, तो मुझे 500% ज्यादा मेहनत करनी होगी।



# रश्मिका मंदाना फिर करेंगी अल्लू अर्जुन के साथ काम

## शाहरुख कर सकते हैं कैमियो

**'पुष्पा' में रश्मिका मंदाना और अल्लू अर्जुन की जबरदस्त केमिस्ट्री को दर्शकों ने खूब पसंद किया था, और अब खबर है कि ये जोड़ी फिल्म 'राका' में फिर साथ नजर आएगी।**




### अहम भूमिका निभाएंगी रश्मिका!

वैरायटी की रिपोर्ट्स के मुताबिक, रश्मिका मंदाना इस फिल्म में एक अहम भूमिका निभाएंगी। फिल्म की शूटिंग का पहला शेड्यूल जल्द ही मुंबई में शुरू होने वाला है और रश्मिका भी जल्द इस शेड्यूल को जॉइन करेंगी। डायरेक्टर एटली की इस फिल्म को लेकर पहले से ही काफी चर्चा है, और रश्मिका की एंट्री से फैंस का एक्साइटमेंट और बढ़ गया है। दर्शक इस प्रोजेक्ट से जुड़ी हर नई अपडेट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### क्या शाहरुख खान का होगा कैमियो?

खबरों की मानें तो इस फिल्म में रश्मिका के अलावा मृणाल ठाकुर और जाह्नवी कपूर भी अहम किरदारों में नजर आ सकती हैं। वहीं, यह भी चर्चा है कि शाहरुख खान फिल्म में कैमियो कर सकते हैं, हालांकि अभी तक मेकर्स की तरफ से इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। हाल ही में ऐसी भी खबर आई थी कि फिल्म का टीजर एक वर्चुअल इवेंट में लॉन्च किया जा सकता है, जिसमें एटली, अल्लू अर्जुन और दीपिका पादुकोण शामिल हो सकते हैं। अल्लू अर्जुन के 44वें जन्मदिन के मौके पर मेकर्स ने 'राका' का पहला पोस्टर रिलीज किया था। इस पोस्टर में अल्लू अर्जुन का चेहरा फर के पीछे आंशिक रूप से छिपा हुआ नजर आता है, जिसमें उनके लुक को काफी वाइल्ड और दमदार दिखाया गया है। उनकी आंखें काफी पावरफुल और रहस्यमयी लग रही हैं।



### फिल्म से जुड़ी और जानकारी

बताया जा रहा है कि 'राका' को 700 करोड़ रुपये से ज्यादा के बड़े बजट पर बनाया जा रहा है। इस फिल्म को सन पिक्चर्स प्रोड्यूस कर रही है। मुंबई में जल्द ही इसका अगला शूटिंग शेड्यूल शुरू होगा और पूरे साल इसकी शूटिंग जारी रह सकती है।



# फिल्मों में स्क्रीन टाइम नहीं, दमदार किरदार चाहिए

**अभिनेत्री चेतना पांडे को हालिया रिलीज फिल्म 'हॉन्टेड 3डीः इकोज ऑफ द पास्ट' से दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। इस सफलता के बीच चेतना ने करियर, फिल्मों के चुनाव और भविष्य की योजनाओं को लेकर बातचीत की।**

उन्होंने कहा कि अब वह केवल ऐसे प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बनना चाहती हैं, जो उन्हें एक कलाकार के तौर पर आगे बढ़ाएं और दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ें। चेतना पांडे ने कहा, ''करियर के इस पड़ाव पर मैं खुद को किसी एक तरह के किरदार या फिल्म शैली तक सीमित नहीं रखना चाहती। हॉरर फिल्म में काम करने के बाद मुझे इस शैली की ताकत का एहसास हुआ है, इसलिए मैं आगे भी हॉरर फिल्मों में काम करना चाहूंगी। मैं सिर्फ इसी शैली तक सीमित नहीं रहना चाहती। एक कलाकार के रूप में मेरा सबसे बड़ा सपना खुद को और अपने दर्शकों को लगातार नए रूप में चौंकाना है।'' अभिनेत्री ने कहा, 'मैं ऐसा किरदार निभाना चाहती हूं, जो मुझे भावनात्मक, मानसिक और शारीरिक रूप से चुनौती दे और मुझे आगे बढ़ाता रहे। चाहे कोई बड़ी कमर्शियल फिल्म हो, थ्रिलर हो या फिर बायोपिक, मेरे लिए सबसे ज्यादा मायने यह बात रखती है कि मेरा किरदार दर्शकों के मन में लंबे समय तक बना रहे।' चेतना ने कहा, ''मुझे फिल्म में ज्यादा स्क्रीन टाइम नहीं चाहिए। मैं ऐसे रोल्स को प्राथमिकता देती हूं, जिनकी कहानी में दम हो और जो कुछ कहने की ताकत रखते हों। मैं केवल ग्लैमर दिखाने वाली भूमिकाओं की बजाय ऐसी कहानियों का हिस्सा बनना चाहती हूं, जो लोगों को सोचने पर मजबूर करें। हर नया प्रोजेक्ट मुझे पहले किए गए काम से आगे ले जाए और कुछ नया सिखाए।'' चेतना ने कहा, ''मैं अभी भी इस पूरे अनुभव को समझने और महसूस करने की कोशिश कर रही हूं। जब कोई कलाकार लंबे समय तक किसी फिल्म पर मेहनत करता है, कई तरह की चुनौतियों का सामना करता है और यह उम्मीद करता है कि दर्शक उसके काम को पसंद करेंगे, तब सफलता मिलने के बाद उस पल को तुरंत समझ पाना आसान नहीं होता।'' 'हॉन्टेड 3डी' फिल्म की सफलता पर खुशी जताते हुए चेतना ने कहा, 'पिछले कुछ दिन जश्न से ज्यादा आभार के रहे हैं। मैंने सबसे पहले परिवार, दोस्तों और उन लोगों से बात की, जिन्होंने इस सफर में हर कदम पर मेरा साथ दिया। मेरे लिए सबसे बड़ी खुशी यही है कि मेरे करीबी लोग मेरी सफलता से खुश हैं।

# हॉलीवुड में मेरा अभी बेस्ट काम आना बाकी है

**एक्टर प्रियंका चोपड़ा उन चुनिंदा भारतीय एक्टर्स में से एक हैं जिन्होंने बॉलीवुड और हॉलीवुड दोनों जगह कामयाबी हासिल की है। अपने हिंदी फिल्मी करियर के पीक पर वह इंटरनेशनल मौकों की तलाश में अमेरिका चली गईं। हालांकि, कई ग्लोबल प्रोजेक्ट्स में काम करने के बावजूद प्रियंका को लगता है कि हॉलीवुड में उनका काम भारतीय सिनेमा में किए गए उनके काम के मुकाबले कम ही है।**

प्रियंका ने हॉलीवुड में अपने करियर पर नजर डाली और अलग-अलग प्रोजेक्ट्स के साथ इसे और आगे बढ़ाने की इच्छा व्यक्त की। 'बेवॉच', 'द मैट्रिक्स रेजरेक्शन्स' और हाल ही में रिलीज हुई 'द ब्लफ' जैसी हॉलीवुड फिल्मों में शानदार अभिनय के बावजूद प्रियंका ने कहा कि उन्हें लगता है कि हॉलीवुड में उनका बेस्ट काम अभी आना बाकी है। एक्ट्रेस ने कहा कि अपने हिंदी भाषा के करियर में मैंने सभी बेहतरीन फिल्म निर्माताओं और अभिनेताओं के साथ काम किया है, मैंने अद्भुत कहानियां सुनाई हैं और अलग-अलग जॉनर में काम किया है। जबकि अमेरिका में हॉलीवुड में अपने अंग्रेजी भाषा के काम में मैंने ऐसा उतना नहीं किया है।

प्रियंका ने कहा कि अब उनका अगला चरण इस बात पर केंद्रित होगा कि वो हॉलीवुड में भी बॉलीवुड की तरह अलग-अलग तरह की भूमिकाएं निभाएं। अगला बदलाव यह पता लगाने के बारे में है कि मैं अपने हॉलीवुड के काम में अपने किरदारों में वैसी ही विविधता कैसे ला सकती हूं जैसी भारत में ला पाई हूं। इस दौरान प्रियंका ने शादी और मां बनने के बाद अपनी जिंदगी के बारे में भी खुलकर बात की और माना कि उनकी जिंदगी बहुत ज्यादा बदल गई है। उन्होंने कहा कि आपकी प्राथमिकताएं सच में बदल जाती हैं। अब मैं बस अपना सामान पैक करके किसी फिल्म के लिए नहीं निकल जाती। मैं साल में पांच फिल्में नहीं करती। मैं पहले की तरह यात्रा नहीं करती। मैं इस बात को लेकर बहुत ज्यादा सोच-समझकर फैसला करती हूं कि मैं अपना समय कैसे और किसके साथ बिताती हूं। मैं एक कामकाजी मां के तौर पर जिंदगी को संभाल रही हूं। अब मुझे अपनी मां के लिए और भी ज्यादा सम्मान महसूस होता है।





# कॉमेडी के नाम पर दायरा क्रॉस नहीं कर सकते

**एक्टर अरशद वारसी इस वक्त धमाल मचाने की तैयारी में हैं। उनकी तीन-चार फिल्में और एक सीरीज आ रही हैं। उन्होंने इंटरव्यू में कॉमेडी से लेकर राजकुमार हिरानी संग काम, स्टारकिड्स और आज के स्टैंडअप कॉमेडियंस पर बात की।**

अपने तीस साल लंबे करियर में एक्टर अरशद वारसी ने हर तरह के किरदार निभाए हैं, मगर कॉमेडी के मामले में उनका कोई सानी नहीं है। निजी जिंदगी में भी कमाल का सेंस ऑफ ह्यूमर रखने वाले अरशद वारसी 'मुन्ना भाई एमबीबीएस', 'गोलमाल' और 'जॉली एलएलबी' जैसी यादगार कॉमेडी फिल्म फ्रेंचाइजी का हिस्सा रहे हैं। आने वाली दिनों में बड़े पर्दे पर वह 'गोलमाल 5', 'धमाल 4' और 'वेलकम टू द जंगल' जैसी फिल्मों में भी लोगों को हंसाने को तैयार हैं। वहीं, ओटीटी पर डार्क कॉमिडी सीरीज 'प्रीतम और पेड्रो' में इंस्पेक्टर पेड्रो की भूमिका में नजर आएंगे।

क्या इतनी सारी कॉमेडी फिल्मों के खुशनुमा माहौल ने अरशद को किसी तरह से बेहतर इंसान बनाया? इस पर वह कहते हैं, 'नहीं, नहीं, मैं हमेशा से ही खुशदिल इंसान हूं। मुझमें एक सेंस ऑफ ह्यूमर है और मेरे हिसाब से हर इंसान के लिए थोड़ा सेंस ऑफ ह्यूमर बहुत जरूरी है। आपको खुद पर हंसना आना चाहिए। आज लोग छोटी-छोटी बातों पर सीरियस हो जाते हैं, मैं वाकई चाहूंगा कि वो ऐसा ना करें। जिंदगी को ज्यादा सीरियसली न लें। वैसे ही, हम सबकी जिंदगी में बहुत सारी तकलीफें हैं। हालात अजीब से होते जा रहे हैं, इसलिए आप छोटी-मोटी चीजों को छोड़ना सीखें। हमारी कॉमेडी फिल्में देखें, खुश रहें।'

इन दिनों एक ओर कॉमेडियन हास्य पर तरह-तरह के पाबंदियों का रोना रोते हैं, तो कॉमेडी के आपत्तिजनक और अश्लील होने को लेकर विवाद भी सामने आते रहते हैं। इस पर अरशद वारसी का मत एकदम साफ है कि आप दायरा नहीं क्रॉस कर सकते। बकौल अरशद, 'आप साफ कॉमेडी लिख सकते हैं। थोड़ा सा मुश्किल होता है लेकिन यह संभव है। यह भी संभव है कि आप बिना किसी को ठेस पहुंचाए कॉमेडी करें। मैं अक्सर जोक मारता रहता हूं, बहुत कुछ कहता रहता हूं, पर मुझे पता है कि मैं वो लाइन कभी नहीं क्रॉस करूंगा जिससे किसी को तकलीफ हो। मुझे पता होता है कि मैं किससे कह रहा हूं और क्या कह रहा हूं, वह जानना जरूरी है। आप वो दायरा क्रॉस नहीं कर सकते।

## राजकुमार हिरानी और उनके बेटे संग काम का एक्सपीरियंस

सीरीज 'प्रीतम और पेड्रो' की एक खास बात यह है कि फिल्ममेकर राजकुमार हिरानी की इस डेब्यू सीरीज से उनके बेटे वीर हिरानी भी एक्टिंग में कदम रख रहे हैं। ऐसे में, पिता और बेटे दोनों की पहली फिल्म में काम करने के अनुभव पर पर अरशद ने अपने चुटीले अंदाज में कहा, 'मैं सोच रहा हूं कि उनके घर में जाकर रहने लगूं। कभी पिता से साथ काम पर चला जाऊं, कभी बेटे के साथ काम पर चला जाऊं (हंसते हैं)। असल में, मेरे लिए बहुत अच्छा अनुभव था। मुझे कभी नहीं लगा था कि वीर और मैं कभी साथ में काम करेंगे।

'मुन्ना भाई एमबीबीएस' की शूटिंग के दौरान वह 4 साल का बच्चा था लेकिन बहुत अच्छा लगता है कि वीर की पहली फिल्म में मैं हूं। मैं चाहूंगा कि वो जिंदगी में बहुत अच्छा करे और मुझे यकीन है कि वो करेगा।' वहीं, फिल्मी बच्चों के फिल्म का ही रास्ता अख्तियार करने की बहस पर वह पलटकर सवाल करते हैं, 'वह राजू हिरानी का बेटा है तो उसमें उसकी क्या गलती है? ये हमारे बच्चे हैं उसमें उनकी क्या गलती है? मैं ऐसे सोचता हूं। बाकी, सबका अपना नजरिया है।'

स्वामी मोर्निंग सिटी मल्टीमीडिया प्रा.लि. मुद्रक, प्रकाशक एवं प्रधान संपादक- सुशील कुमार सिंह (मोबाइल न. 8077588101), पुरराज प्रिंट एंड पैकिंग प्रा. लि., ई - 19 सेक्टर 6 नोएडा , गौतमबुद्धनगर से छपवाकर शॉप न. - 307 , 308 एल्फा - 1 नीलकंठ प्लाजा, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित। (RNI No. UPHIN/2015/60949) (समस्त विवादों के लिए न्यायिक क्षेत्र गौतमबुद्धनगर होगा) प्रकाशिक सामग्री या विज्ञापन में संपादक / प्रकाशक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। इससे संबंधित किसी भी प्रकार की कार्यवाही या पूछताछ प्रकाशन तिथि से तीन माह के अंदर की सकती है। ई-मेल-morningcityinput@gmail.com।